मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-14, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 206 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
10 जनवरी 2024
बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
19 अधिकतम
13 न्यूनतम



Page- 7

## 10 शिवराज ने दिलाया याद, यादव ने कहा उत्तरायण की शुरूआत

# सूबे की नई सियासी तिथि, लाड़ली बहनाओं को सीएम ने भेजे 15 सौ करोड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकारी वेतनभोगी अक्सर महीने की पहली तारीख को खुश होते रहे हैं,क्योंकि इस दिन वेतन मिलता है। आज भाजपा के भीतर एक वर्ग खुश है कि लाडली बहना योजना की नियत 10 तारीख को किश्त मिल गई है। मप्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही लाडली बहना योजना के भविष्य पर उठ रहे सवालों का जवाब आज नये मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने दिया। उन्होंने सिंगल क्लिक से महिलाओं के खातों में करीब 16सौ करोड़ की राशि डाल दी। वहीं पुराने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुबह ही ट्वीट कर कहा आज 10 तारीख है-'आपके आत्मसम्मान, खुशियों और सपनों के लिए जो किस्त आपके खाते में आती है, वो आज एक बार फिर आपके खातों में डाली जाएगी।' पूर्व सीएम ने कहा कि 'बहनों के जीवन में खुशियों का सूरज हमेशा चमकता रहे, इसके लिए मैं जीवन पर्यंत प्रयास करता रहूंगा।'

आज कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम यादव ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1576.61 करोड़ रुपए ट्रांसफर किये। उन्होंने 56 लाख हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन व सहायता राशि का अंतरण भी किया। राशि जारी करने के पहले ट्वीट में यादव ने कहा- प्रदेश में आज से मकर संक्रांति उत्सव की शुरुआत हो रही है और मुझे प्रसन्नता है कि पहले दिन हम 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' के अंतर्गत 1.29 करोड़ बहनों को 1576 करोड़ की सहायता प्रदान करने जा रहे हैं। उन्होंने 15 जनवरी तक मनाए जाने वाले महिला सशक्तिकरण सप्ताह की शुरुआत भी की। इसमें जिलों में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी फेंडली ग्राम पंचायतों, प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित बालिकाओं का सम्मान, उल्लेखनीय कार्य करने वाले शौर्य दल के सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसी बालिकाएं, जिनके द्वारा सूचना देकर स्वयं का बाल विवाह रुकवाया हो, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी के अवसर पर सभी संप्रेक्षण गृह, वनस्टाप सेंटर, स्वाधार गृह में योग दिवस पर सूर्य नमस्कार किया जाएगा।




### कांग्रेस के पेट में दर्द क्यों

*सीएम ने कहा कि अब संक्रांति से रात छोटी होती जाएगी और दिन बडे होते जायेंगे। यह उत्तरायण की शुरुआत है। बिना ऊर्जा व सूर्य के आगे नहीं बढा जा सकता। हमारे जीवन में व्रत त्योहार पर्व सकारात्मकता लाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिये आज राशि दी जा रही है। मगर कांग्रेस के लोगों के पेट में दर्द न जाने क्यों हो रहा है। जो राशि आ रही है उसका उपयोग परिवार के लिये हो। सीएम ने आगे कहा कि मैं हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। वह वाकई अद्भुत नेता हैं, जिनके लिए हम सबके मन में विशेष आदर, प्रेम, स्नेह है। उनके द्वारा कदम-कदम पर जिस तरह की योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिस प्रकार से वह काम कर रहे हैं, वह अद्भुत है। पूरी दुनिया उनका लोहा मानती है। यहां तक बाजू के देश पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भी कह चुके हैं कि काश, मोदी हमारे देश में होते।*

# महाराष्ट्र में हलचल, विधायकों के दलबदल पर फैसला आज

**मुबंई/ नई दिल्ली , एजेंसी।**

महाराष्ट्र की राजनीति में आज बहुत बड़ा दिन है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत 40 विधायकों को दलबदल विरोधी कानूनों के तहत अयोग्य घोषित करने के मामले में स्पीकर राहुल नार्वेकर अपना फैसला सुनाएंगे। यह सवाल तेजी से उठा है कि अगर स्पीकर ने शिंदे और उनके विधायकों को अयोग्य घोषित किया तो महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा। हालांकि भाजपा ने साफ कहा है कि सरकार पर कोई संकट नहीं है।



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा स्पीकर का चाहे जो भी फैसला हो, हमारी सरकार स्थिर रहेगी। हमारा गठबंधन कानूनी रूप से वैध है। फडणवीस के बयान के बाद यह साफ है कि अगर शिंदे के खिलाफ फैसला आया तो बीजेपी अपने प्लान-बी पर आगे बढ़ेगी। वहीं शिवसेना उध्दव गुट के संजय राउत ने मैच फिक्सिंग की आशंका जाहिर की है। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 जनवरी तक फैसला देने की डेडलाइन दी थी।

दरअसल डेढ़ साल पहले एकनाथ शिंदे और उनके गुट के 40 विधायकों ने शिवसेना से बगावत कर दी थी और बीजेपी के साथ गठबंधन सरकार बना ली थी. शिंदे को सीएम बनाया गया था. उद्धव पक्ष ने दल-बदल कानून के तहत पहले स्पीकर को नोटिस दिया. फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

# चारमीनार एक्सप्रेस पटरी से उतरी, कई घायल

**हैदराबाद, एजेंसी।**

ट्रेन हादसों को थामने के लिए कुछ दिनों पहले रेलवे ने कवच सुरक्षा प्रणाली का परीक्षण किया था। इसी बीच, बुधवार को आज सुबह नौ बजे तेलंगाना के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर चारमीनार एक्सप्रेस के तीन बोगियां पटरी से जा उतरी, जिसमें पांच लोगों के घायल होने की सूचना है। यह रेलवे स्टेशन एक टर्मिनल स्टेशन है, जहां ट्रेनें रूकती हैं। ट्रेन को वहां रुकना था, लेकिन वह वहां नहीं रुकी, बल्कि आगे निकल गई। जिसके कारण ट्रेन के तीन बोगियां पटरी से उतर गई। इस घटना में ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े करीब पांच लोगों को चोटें आई हैं।



## जांच के निर्देश, 6 कॉल के बाद भी नहीं आई एंबुलेंस

# 108 के इंतजार में निकला दम, ग्वालियर से भोपाल तक बवाल

**ग्वालियर/भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मां के साथ रतलाम जाने के लिए झांसी बांद्रा एक्सप्रेस के एसी कोच में सवार होते ही बेहोश होने के बाद 108 एंबुलेंस की लापरवाही से युवक अमन कपूर की मौत के मामले में भोपाल तक बवाल मच गया है। 108 एंबुलेंस सेवा की ओर से कोई फोन नहीं आने की बात कही जा रही है, जबकि ड्यूटी पर मौजूद डिप्टी एसएस एएस सोनकर ने अपने मोबाइल से 36 मिनट के अंदर 108 एंबुलेंस को छह काल करने की बात सामने आई है।हर बार उन्हें एक ही जवाब मिला कि एंबुलेंस अभी व्यस्त है।खाली होते ही आ जाएगी, लेकिन एंबुलेंस देर रात तक स्टेशन नहीं पहुंची। अब स्वास्थ्य विभाग ने एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है। स्वास्थ्य महकमे ने निर्देश दिए हैं कि मामले की पूरी रिपोर्ट भेजी जाए।आज ग्वालियर में डीएचओ डा. हेमशंकर शर्मा व नोडल अधिकारी 108 एंबुलेंस इंद्रपाल निवारिया ड्यूटी पर मौजूद डिप्टी एसएस के बयान लिये जा रहे हैं। कॉल डिटेल भी निकाल लिये गये हैं। ज्ञात हो कि कपूर कोच में दाखिल होते ही बेहोश हो गये थे।






# सांसद की कानाफूसी पर मोदी ने हितग्राही से कहा-सच बताओ

**लखनऊ, एजेंसी।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर के शिल्पकारों से आज वर्चुअल संवाद किया। इस दौरान एक शिल्पकार से बात करते हुए पीएम मोदी ने भाजपा सांसद रवि किशन की चुटकी ली व मजाकिया अंदाज में शिल्पकार से कहा- 'रवि किशन की तरफ मत देखिए, जो सच हो उसे बताइए। उन्हें बुरा लगे तो लगे। ' पीएम की बातें सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे. खुद रवि किशन भी हाथ जोड़कर मुस्कुरा उठे। दरअसल, मोदी ने टेराकोटा शिल्पकार लक्ष्मीचंद से सरकारी योजनाओं पर करीब 12 मिनट तक बातचीत की। मोदी ने शिल्पकार से गारंटी वाली गाड़ी को लेकर फीडबैक लिया। पीएम ने पूछा- लक्ष्मीजी आपके गांव में गारंटी वाली गाड़ी आई तो उसका कैसा स्वागत हुआ, कार्यक्रम कैसा होता है जिसपर लक्ष्मीचंद थोड़े देर के लिए शांत हो गए। इस पर रवि किशन ने लक्ष्मीचंद को कान में कुछ बताया। जिसे देख पीएम मोदी ने चुटकी भरे अंदाज में कहा- रवि किशन की तरफ देखकर मत बोलिये, आपको जैसा महसूस हुआ वह बताइए, सच-सच बताइए। उनको बुरा लगे तो बुरा लगे।



# खूब बच्चे पैदा करो, मकान मोदी दे देंगे

**जयपुर, एजेंसी।**

राजस्थान सरकार के मंत्री बाबूलाल खराड़ी का एक अजीब बयान सामने आया है, उन्होंने लोगों से कहा है कि खूब सारे बच्चे पैदा करने चाहिए, चिंता करने की जरूरत इसलिए नहीं है, क्योंकि मकान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे और गैस भी सस्ती मिलेगी। उदयपुर जिले की झाडोल सीट से दूसरी बार विधायक बाबूलाल खराड़ी की दो पत्नियां और 8 बच्चे हैं। मंत्री खराड़ी बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में एक्टिव रहे हैं। इससे पहले वह 2003 और 2008 में भी चुनाव जीत चुके हैं। जबकि 2013 में हार गए थे। बाबूलाल का बड़ा बेटा देवेंद्र बीटेक कर चुका है। तीन बेटे कॉलेज और स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। खराड़ी जब मंत्री बने थे तो उनके परिवार ने बताया था कि उनके मंत्री बनने का पता टीवी पर समाचार देखकर पता चला।



## सियासत सफर-दर-सफर | राहुल गांधी की इंफाल से न्याय यात्रा व अयोध्या से भाजपा का नया सफर....

# यात्राओं की सियासत, नैरेटिव गढ़ने की कशमकश

सोमनाथ और इंफाल में भला क्या साम्य जबकि दोनों के बीच हजारों मील की दूरी और परिस्थितियां नितांत भिन्न हैं ! सियासी तौर पर देखें तो चौंतीस साल बाद दोनों के बीच एक साम्य बन रहा है। अगस्त 1990 में भाजपा नेता लालकृष्ण अडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या के लिए रथयात्रा शुरू की थी, क्योंकि तत्कालीन वीपी सिंह सरकार ने मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू करने का फैसला लिया था, तब आरएसएस ने इसे हिंदु समाज पर विभाजन के खतरे के रूप में लिया और एकता के सूत्र में बांधे रखने अयोध्या में राममंदिर निर्माण आंदोलन को गति देने की ठानी। इसी तरह चार दिन बाद 14 जनवरी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी 'रथ' पर सवार हो रहे हैं और करीब तीन महीने के सफर के बाद मुंबई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतिम बिंदु पर पहुंचेंगे। उनका मकसद भी भारत को एकजुट रखना व सही मायने में सामाजिक न्याय दिलाना ही है। मगर राहुल के आठ दिन बाद संघ,विहिप, भाजपा व मोदी सरकार भी रामलला की प्राणप्रष्ठि के बाद अयोध्या से 'यात्रा' पर निकलेगी, यह नजर भले न आए, लेकिन 'महसूस' जरूर होगी। साफ है कि, यात्राओं की मंजिल लोकसभा का वह चुनाव है, जो कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण व देश के लिए टर्निंग पाइंट सरीखा कहा व माना जा रहा है। इसलिये कहा जा सकता है कि, सिर्फ मुसाफिर ही यात्रा नहीं करते, बल्कि समय भी उनके साथ खामोशी से सफर तय करता है।



अर्थात्

**आशीष दुबे**

कांग्रेस की ताजा यात्रा डेढ साल पहले वाली भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी से प्रेरित है मगर हाइब्रिड मोड में है, यानि बड़ा हिस्सा बस में और बीच-बीच में पैदल मार्च। यात्रा की शुरुआत जातीय हिंसा पीड़ित मणिपुर से करना वह संदेश है जो कांग्रेस अधिक प्रचारित करना चाहती है। यात्रा के केंद्र में 'न्याय' को रखना बता रहा है कि कांग्रेस संवैधानिक मूल्यों पर जोर देना चाहती है, वह दिखाना चाहती है कि सत्तारूढ़ पक्ष एक धर्म, पंथ, संस्कृति और एक नेता पर जोर देकर भारत की उदारता व न्याय वाली मूल दृष्टि को नुकसान पहुंचा रहा है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस न्यूनतम आय योजना 'न्याय' नाम से लाई थी, इसलिये प्रियंका गांधी के जोर देने पर यात्रा में न्याय शब्द भी जुड़ा।




मगर राहुल का यह सफर पिछले सफर की तरह आसान कदापि नहीं लगता, क्योंकि उनके सामने सिर्फ चुनाव ही नहीं, बल्कि उस गठबंधन को साधकर कदमताल की चुनौती है, जिसका नाम उनके आईडिये पर इंडिया रखा गया। इसे जोड़े रखना भी यात्रा के फलितार्थ में शामिल है। मगर हिंदी पट्टी के राज्यों में हाल की करारी हार के बाद कांग्रेस पर भाजपा की मनोवैज्ञानिक बढ़त भी है। हिंदुत्व पर फिर वह कांग्रेस को पटखनी देने की पिच तैयार कर चुकी है। जबकि कांग्रेस अपनी आईडियालॉजी पर बार-बार असमंजस में है। उसके दिग्गज नेता चुक गए लगते हैं। नए नेताओं को कांग्रेस बड़ा एक्सपोज़र नहीं दे सकी, जिसके चलते कई युवा नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। बहरहाल, 2019 के आमचुनाव में भी राहुल ही भाजपा के मुकाबिल थे, तमाम साहस के बाद भी नाकाम हुए, कांग्रेस को फिर उनसे उम्मीद है, यह और बात है कि यह दूसरी है या आखिरी..?

अब फिर आडवाणी की यात्रा पर लौटें तो उस रथयात्रा से भाजपा का एक मजबूत कार्यकर्ता भी तैयार हुआ था-नरेंद मोदी । जिसने कुछ समय पहले राममंदिर की नींव रखी और अब लोकार्पण कर रहा है। कांग्रेस की भारत जोडो यात्रा से भी नया व ज्यादा स्वीकार्य राहुल गांधी तैयार हुआ, मगर वह कितना मुकम्मल व मंजा सका, यह यात्रा 2.0 के फौरन बाद साबित हो जाएगा।

# कारसेवकों पर गोली चलाने के फैसले का बचाव

**लखनऊ, एजेंसी।**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मौर्य ने राम मंदिर आंदोलन के समय कारसेवकों पर गोली चलाने के तत्कालीन सपा सरकार के आदेश का बचाव किया और कारसेवकों को अराजक तत्व बताते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार ने अमन चैन कायम रखने के लिए गोलियां चलाई थी। तब सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया था। उन्होंने यह भी कहा है कि राममंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हो रहा है, न कि भाजपा सरकार के आदेश पर, मगर भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव में राम मंदिर निर्माण का लाभ उठाना चाहती है।



अब बदहाल कॉलोनी की सुध लेगी नई सोसाइटी

# सड़क व सफाई के अभाव में बेरंग हो गया शाहपुरा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे राजधानी के पॉश रहवासी इलाके शाहपुरा में हाउस ओनर्स एसोसिएशन का गठन हुआ है। चुनाव अधिकारी एसएस भटनागर ने आगामी 3 वर्षों के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए पदाधिकारी की घोषणा की। इसमें एबीसी सेक्टर को मिलाकर 574 सदस्यीय शाहपुरा हाउस ओनर्स एसोसिएशन बना है। एसोसिएशन में अध्यक्ष शुभ्रा गोयल, उपाध्यक्ष हरीश भावनानी,पंकज शर्मा,उषाकिरण पांडे,सचिव विमल गौर, संयुक्त सचिव नवीन चौबे, कोषाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष अनीता कटारे तथा कार्यकारिणी सदस्य मिलिंद वाईकर,देवदत्त दुबे,जेसी सक्सेना,हेमंत कक्कड़,सीयू राय, राजेश खरे, एसएल वोहरा, सुनील कुमार गोठी,ममता वार्ष्णेय और भारत भूषण जग्गी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

**सड़कों की समस्या से जूझ रहा शाहपुरा:** शाहपुरा सडकों व साफ सफाई की समस्या से लंबे अर्से से जूझ रहा है। यहां ए सेक्टर की मुख्य सड़क गांव कस्बे की सड़क से भी बदतर हालत में है। यही मुख्य सडक पूरे सेक्टर को आपस मे जोडती है, यहां से भारी वाहनों की भी आवाजाही है। नये सोसाइटी ने शाहपुरा को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया है व समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने का वचन भी दिया है।





भोपाल। भोपाल में गत दिवस दिन भर धूप के बाद आज फिर मौसम में पलटी मारी और बादल कोहरा और बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। सुबह 9 बजे तक घना कोहरा रहा। मौसम विभाग ने कल के बाद धूंध छटने का अनुमान जताया।

## उदयपुर में सम्मानित हुए भोपाल के चिकित्सक डॉ सक्सेना



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

डॉ विजय सक्सेना को अपने चिकित्सीय क्षेत्र में एवं म्यूजिक के क्षेत्र में काम करने के लिए राजस्थान के शहर उदयपुर में ÷सृजन द स्पार्क संस्था÷ द्वारा खेमचंद अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ विजय सक्सेना के साथ ही लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देश के जाने-माने गजल सिंगर चंदन दास को दिया गया एवं साथ में ही अपने समय का मशहूर धारावाहिक महाभारत के सूत्रधार एवं मैं समय हूं की आवाज वाले हरीश भिमानी जी को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा और भी कई साहित्य समाज एवं फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हुई हस्तियों को सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश के ही जाने माने सिंगर के फॉर किशोर अनिल श्रीवास्तव एवं प्रतिभा बघेल ने सम्मान समारोह में अपनी आवाज का जादू बिखेरा, निश्चित तौर पर यह शहर भोपाल एवं मध्य प्रदेश के लिए सम्मान की बात है।

देर रात भोपाल अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के परिणाम घोषित हुए

# अध्यक्ष चुने गए खरे, संजय बने उपाध्यक्ष सचिव पद पर मनोज ने बाजी मारी

### 3 हजार 503 अधिवक्ताओं के वोट ने किया फैसला, आज कार्यकारणी सदस्यों के परिणाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव में पदाधिकारियों के परिणाम मंगलवार देर रात घोषित हुए। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक खरे और उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार श्रीवास्तव चुने गए हैं। सचिव पद पर मनोज श्रीवास्तव ने बाजी मारी है। उप सचिव पद पर सोनल नायक, कोषाध्यक्ष के लिए बृज बिहारी रघुवंशी चुने गए हैं। साथ ही, लाइब्रेरियन पद के लिए सुधीर दुबे को विजय हुए हैं। जूनियर और सीनियर कार्यकारिणी सदस्य पदों के वोटों की गिनती बुधवार को होगी। कार्यकारणी सदस्यों के परिणाम घोषित होने के बाद नई कार्यकारिणी का कार्यभार ग्रहण होगा।



**96 प्रत्याशी मैदान में**

भोपाल जिला बार एसोसिएशन भोपाल में लगभग 8500 अधिवक्ता पंजीकृत हैं। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय अध्यक्ष तथा पुरुष-महिला कार्यकारिणी सदस्य के 24 पदों के लिए कुल 96 प्रत्याशी मैदान में थे। इस चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी के नेतृत्व में 17 अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी लगभग 125 निर्वाचन अधिकारियों को नियुक्त किया गया था।

### 8 बजे से मतदान स्थल पर वोटों की गिनती

जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर सोमवार को जिला अदालत परिसर में सुबह 8 बजे से शाम 5:30 बजे तक मतदान हुआ था। इस चुनाव में करीब 3 हजार 503 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतदान स्थल पर वोटों की गिनती का काम शुरू हुआ था। दोपहर 12 बजे से मतगणना के रुझान आना शुरु हो गए थे। मतगणना की जानकारी लोगों को मुहैया कराने जिला अदालत परिसर में 2 बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई गई थीं। कैमरों के जरिये मतगणना स्थल पर निगरानी भी रखी जा रही थी।

## विधायक शर्मा को सौंपा राम लला उत्सव का आमंत्रण



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर में 22 जनवरी को अयोध्या राम में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर धार्मिक आयोजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का न्योता विधायक रामेश्वर शर्मा को आयोजकों ने दिया। पंडित रवि पटेरिया ने कहा कि कई वर्षों के बाद भगवान रामलला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, 22 जनवरी को सभी मंदिरों में रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड, हरे राम का कीर्तन होगा। सभी इस अवसर पर घरों पर दीप प्रज्ज्वलित करें। विधायक को आमंत्रण देने वालों में रोहित चौहान, विजय यादव व अन्य मौजूद थे।

## सुधांशुजी का भक्ति सत्संग फरवरी में

**हिरदाराम नगर।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक परम पूज्य आचार्य सुधांशु जी महाराज 29 फरवरी 2024 से 3 मार्च 2024 तक चार दिवसीय विराट भक्ति सत्संग हेतु भोपाल मंडल के लिए अनुमति दी गई है। सुधांशु तीन वर्ष के अंतराल के पश्चात भोपाल आ रहे। जहां पर साधक गण 10 से 15 हजार इकट्ठे होकर उनके प्रवचनों का श्रवण करते हैं। विगत दिनों विश्व जागृति मिशन भोपाल मंडल के प्रधान और कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा दिल्ली स्थित आनंद धाम आश्रम में महाराज श्री को निमंत्रित करने हेतु गए थे, महाराज श्री ने सब के मंगल कामना एवं सभी सुखी रहे हैं आशीर्वाद दिए।



## एक हजार बच्चों ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारम्भ किया था, जिसके चलते मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, जय शर्मा, शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, कर्नल नारायण पारवानी, इंजीनियर पंडित हरीश शर्मा, अक्षय शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद प्रांत के अध्यक्ष कमलेश रायचन्दानी, द लायन सिटी वेलफेयर सोसायटी के उपाध्यक्ष कैलाश साधवानी, रमेश कृष्नानी, गुलाब जेठानी, कमल प्रेमचन्दानी, रमेश चेलानी एवं विदेश से आए मेहमान बच्चों का उत्साह बढ़ाया। एक हजार बच्चों के साथ अनुशासन में स्वरवद्ध हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## भगवान कला केन्द्र में स्थापना दिवस पर 30 फीसदी की छूट




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रेरणा से संचालित भगवान कला केन्द्र अपने स्थापना के 30 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न पाठ्यक्रमों पर 30 प्रतिशत की छूट दे रहा है। इसके अलावा पंजीयन शुल्क भी नहीं लिया जा रहा है, यह ऑफर 31 जनवरी 2024 तकरहेगा।

बता दे केन्द्र की स्थापना 30 जनवरी 1994 को संत हिरदाराम साहिबजी ने की थी। केन्द्र के संचालक थावर वरलानी ने बताया कि केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, हिन्दी एवं इंग्लिश टायपिंग, स्टेनाग्राफी, फैशन डिजायनिंग, सिलाई, ब्यूटीफिकेशन आदि पर 30 प्रतिशत की छूट एवं शून्य पंजीयन शुल्क होगा।

उल्लेखनीय है कि भगवान कला केन्द्र उपनगर का अग्रणी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र है, जहां पर 50 हजार से ज्यादा युवक युवतियों को विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया गया है।

## सेवासदन को शीला जैन के नेत्रों का दान



**हिरदाराम नगर।** न्यू अशोका गार्डन, भोपाल निवासी 77 वर्षीय शीला जैन का देहावसान दिनांक 7 जनवरी 2024 को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र संजय कुमार जैन ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । स्व. शीला जैन के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2062 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। कार्यपालन ट्रस्टी हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

**मेट्रो एंकर**

संस्कार स्कूल में 13 जनवरी को सुबह 11 बजे बैठक होगी आयोजित

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा शोभा यात्रा समिति की बैठक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा शोभा यात्रा की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संतनगर में भव्य शोभायात्रा के संबंध में निर्णय लिए गए। सभी संत महात्माओं के लिए बग्घी रहेंगी, रामभक्ति के गीत डीजे पर बजेंगे, नगर के मुख्य मार्ग के दोनों ओर रोशनियां की जाएंगी, दीपक जलाए जाएंगे, आतिशबाजी होगी कलश यात्रा भी शामिल होगी जिसमें सैकड़ो महिलाएं सिर पर कलश लेकर समारोह में रहेंगी।

बैठक संस्कार स्कूल में 13 जनवरी को सुबह 11 बजे आयोजित की गई है जिसमें संत नगर के सभी संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ता एवं अन्य जो इसमें सहयोग देने वाले हैं वे सभी शामिल होंगे। बैठक में सर्वसम्मति कमल प्रेमचंदानी, मोहन लालवानी, कन्हैया इसरानी, बसंत चेलानी, दिनेश वाधवानी, कमलेश रायचंदानी, राजेश बेलानी, नरेन्द्र लालवानी, विनय दादलानी, राकेश हरपलानी, रमेश वाधवानी, सोनू, अमित बिनवानी, गुलाब जेठानी, कमल वीधानी, जीतू कटारिया थे।





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# 'महिला सशक्तिकरण'

एवं

## युवा ऊर्जा पर केन्द्रित

# मकर संक्रांति उत्सव

10-15 जनवरी, 2024

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत

**1.29 करोड़** बहनों को **₹ 1576 करोड़** की सहायता

**56 लाख** से अधिक हितग्राहियों को **₹ 341 करोड़**

की पेंशन एवं आर्थिक सहायता का अंतरण

10 जनवरी, 2024 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल

## राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन

- लाड़ली बहनों को सहायता राशि का अंतरण
- मकर संक्रांति को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए विज्ञान मेलों का आयोजन
- युवाओं को जिलों के प्लैनिटेरियम और ऑब्जर्वेटरी में स्टडी टूर
- परंपरागत खेलों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन
- महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित 2 दिवसीय (11-12 जनवरी) रोज़गार मेलों का आयोजन
- विद्यालयों में सूर्य नमस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित व्याख्यान, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं
- स्वच्छता व पर्यावरण जागरूकता शिविरों का आयोजन
- स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान
- प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव के शुभारंभ का जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आदर्श महाविद्यालय/उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रदर्शन
- युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम व विद्यालय/महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन
- मां तुझे प्रणाम योजना में कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल का 150 युवतियों के दल द्वारा भ्रमण

D-11166/23

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

सुविचार

''फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना, क्योंकि इस बार सुरुवात शून्य से नहीं अनुभव से होगी।''

– अज्ञात

## संपादकीय

# पड़ोसी की करतूत

भारत के बिल्कुल पड़ोस में बसे मालदीव नामक छोटे से देश का मिजाज यदि गर्म है तो सिर्फ यह वजह है कि उसे चीन की शह है। लेकिन इसी हेकड़ी में वह ऐसी गलती कर बैठा है कि उसकी अर्थव्यवस्था तक बात आ खडी हुई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों और विडियो को लेकर मालदीव में जिस तरह का अप्रिय विवाद खड़ा हुआ, वह दो देशों के राजनयिक संबंधों में कम ही देखने को मिलता है। यह प्रकरण इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जाएगा। यह विवाद ऐसे समय उभरा, जब भारत और मालदीव के रिश्ते कुछ महीनों से तल्ख हुए हैं। नवंबर में सत्ता में आए राष्ट्रपति मुइज्जू चीन के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने आते ही कहा कि भारतीय सेना को मालदीव से जाना होगा। साथ ही, यह भी ऐलान कर दिया कि पिछली सरकार के दौरान भारत से हुए सभी समझौतों पर उनकी सरकार पुनर्विचार करेगी। मालदीव और भारत के ऐतिहासिक तौर पर करीबी रिश्तों के मद्देनजर अब तक वहां के तमाम राष्ट्रपति अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत ही आते थे। मगर राष्ट्रपति मुइज्जू ने तुर्किये को अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पड़ाव बनाया। अब एक सप्ताह की यात्रा पर चीन हैं। हालांकि भारत ने इसे तूल न देते हुए कहा है कि यह उन पर निर्भर करता है कि वे कहां जाते हैं और अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का निर्धारण किस तरह करते हैं। संभवतः नए राष्ट्रपति की इन बदली प्राथमिकताओं के कारण मालदीव के बदले राजनीतिक माहौल का ही नतीजा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के एक हिस्से की यात्रा के दौरान ली गई ली गई तस्वीरें और विडियो मालदीव के मंत्रियों के निशाने पर आ गईं। तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन तस्वीरों के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओछी टिप्पणियां कीं। दिलचस्प है कि इस पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया तो बाद में आई, पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर ही हैशटैग बायकॉटमालदीव ट्रेंड करने लगा। इंडियन सिलेब्रिटीज भी खुलकर सामने आ गईं। मालदीव की बुकिंग कैंसल कराने के स्क्रीनशॉट शेयर किए जाने लगे। टूरिज्म पर आधारित व आश्रित अर्थव्यवस्था वाले मालदीव के लिए गंभीर हालात बनते जा रहे हैं। करीब पांच लाख आबादी वाले इस देश के जीडीपी में 25 प्रतिशत का योगदान पर्यटन क्षेत्र का है। इसमें भी सबसे अधिक भारतीय पर्यटकों का है। अब मालदीव के पर्यटन उद्योग ने भी अपने ही मंत्रियों के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया अपनाई है। वहां के विपक्षी नेता नई सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर अडने लगे हैं। पूर्व राष्ट्रपतियों समेत कई प्रमुख लोगों ने भी इन बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की। कई भारतीय पर्यटकों ने मालदीव की बुकिंग कैसिल कराना शुरू कर दी है। मौके की नजाकत समझते हुए मुइज्जू सरकार ने न सिर्फ इन बयानों से खुद को अलग किया बल्कि तीनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित भी कर दिया। मगर मालदीव सरकार को अपने दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखते हुए भारत की चिंताओं को समझना होगा और उसे अपनी नीतियों में जगह देनी होगी क्योंकि भारत ने हमेशा मालदीव को पडोसी के नाते मदद ही की है,चाहे कोरोना काल हो या वहां की अन्य समस्या, भारत ने वैक्सीन, दवा से लेकर अन्य आर्थिक मदद की हैं, यदि मालदीव सरकार का रवैया नहीं सुधरता है तो निश्चित ही बिगड़ने वाला भी उसका ही है।

# रोजगार : संकट के बावजूद नहीं बनता बड़ा मुद्दा

**प्रदीप मिश्र**

आए दिन शेयर बाजार में तेजी और हर महीने के अंत में जीएसटी संग्रह बढ़ने के बावजूद खुशहाली सबके हिस्से में नहीं दिखती है। खासतौर से नौकरी की चाह रखने वाले युवा वर्ग के लिए दिन गिनने मुश्किल हो रहे हैं। करीब 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश में इस समय 12 करोड़ युवा-युवतियां बतौर बेरोजगार पंजीकृत हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार अक्तूबर, 2023 में बेरोजगारी दर 29 माह के सर्वोच्च स्तर 10.05 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा 15 साल और उससे अधिक आयुवर्ग का है। यह हालात तब हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 2022 में 6.5 लाख और 2023 में 10 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने सांसदों के कामकाज की रिपोर्ट के लिए जो 13 सवाल पूछे हैं, उनमें एक सवाल रोजगार निर्माण का भी है। वैसे, अगस्त, 2023 में संसद में बताया गया था कि भारत सरकार में स्वीकृत 40 लाख से अधिक पदों में से 9.64 लाख पद खाली हैं। यह स्थिति तब थी, जब जून, 2023 तक कर्मचारी चयन आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड ने एक लाख से अधिक पदों पर उपयुक्त पात्रों की संस्तुति कर दी थी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल में विधानसभा में बताया कि उनके यहां सितंबर, 2023 तक बेरोजगारी दर 5.2 रही, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 6.6 प्रतिशत थी। कहा, इस दौरान पंजाब और हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी दर क्रमशः 8.8 और 14.5 प्रतिशत रही। उन्होंने नौ साल में 1.14 लाख नौकरियां दीं। 60 हजार और देने की तैयारी है। हरियाणा में दिसंबर तक 2.9 लाख सरकारी पद खाली थे। इसमें 70 हजार पद शिक्षा विभाग के हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का दावा है कि उन्होंने 37,683 नौकरियां दी हैं। अगले महीने में पांच हजार से अधिक भर्तियां करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश में 2018 के बाद 60,244 से अधिक सिपाहियों की भर्ती भले ही शुरू हो गई है लेकिन पिछले साल सितंबर तक शिक्षक आदि के 1.33 लाख पद रिक्त थे। उत्तराखंड में मार्च 2023 तक 68,586 पद खाली थे, जिनमें 21 हजार से अधिक रिक्तियां शिक्षा विभाग की थीं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सत्ता संभालते ही ढाई लाख नौकरियां देने का वादा किया, लेकिन कुछ घंटों बाद अशोक गहलोत के कार्यकाल में 50 हजार सेवा प्रेरकों की भर्ती रद्द कर दी। उधर, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने 2022-23 में उत्तीर्ण स्नातकों को छह माह तक रोजगार न मिलने पर तीन हजार और डिप्लोमा धारकों को डेढ़ हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता 12




जनवरी से देने की घोषणा की है। बिहार सरकार ने सरकारी स्कूलों के 3.5 लाख संविदा शिक्षक स्थायी कर दिए हैं। इस बीच एक और रिपोर्ट बताती है कि अक्तूबर-नवंबर में ऑफिस में काम करने वालों की नियुक्तियां 12 फीसदी कम हुई हैं। इसमें आईटी-सॉफ्टवेयर, दूरसंचार और शिक्षा क्षेत्र भी शामिल हैं। इनकी क्रमशः कमी 22, 18 और 17 फीसदी है। आईटी सेक्टर की नौकरियों में सर्वाधिक कमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रतिकूल प्रभाव है। पेटीएम ने एक हजार लोगों को निकालने पर तर्क दिया कि उन्हें एआई ने अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दिया है। वहीं इस साल भारत की स्टार्टअप कंपनियों ने 28 हजार से ज्यादा लोग बाहर कर दिए और नई भर्ती नहीं की।

यही नहीं, बीते दो वर्ष में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियां 4.25 लाख कर्मचारियों की छंटनी कर चुकी हैं। भारत में यह आंकड़ा 36 हजार कर्मचारियों का है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की नामी कंपनियां गूगल, मेटा (फेसबुक), अमेजन और एपल सहित दुनिया की छह बड़ी कंपनियां भारत में नई नियुक्तियों पर रोक लगाने की योजना बना रही हैं। वजह, बड़ी टेक कंपनियों में वर्तमान में 30 हजार नौकरियां ही हैं। भारत में डेढ़ लाख लोग टेक कंपनियों में काम कर रहे हैं। इन कंपनियों में 2022 के मुकाबले 2023 में नौकरियां 90 फीसदी कम हुई हैं। एआई अपनाने में तेजी के कारण गूगल, नेटफिलिक्स और मेटा में भारत में मांग 78 प्रतिशत कम हो गई है। चिंताजनक यह भी कि बेरोजगारी के साथ एजुकेशन लोन भी बढ़ रहा है। बीते साल एक अप्रैल से अक्तूबर तक 1,1,715 करोड़ रुपये का शिक्षा ऋण लिया गया, जो पांच साल में सबसे ज्यादा है। इसमें विदेश में शिक्षा के लिए कर्ज लेने वालों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत है। यही कारण है कि भारत में अमेरिकी दूतावास ने अक्तूबर, 2022 से सितंबर, 2023 के बीच रिकॉर्ड 1.40 लाख स्टूडेंट वीजा जारी किए।

बेरोजगारी के आंकड़ों में विरोधाभास का कारण है। नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन (एनएसएसओ) आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आधार पर बेरोजगारी के आंकड़े जारी करती है। इसी आधार पर केंद्र सरकार वार्षिक रिपोर्ट जारी करती है। वित्त वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट केंद्र सरकार ने अक्तूबर में जारी की थी। फिलहाल बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत बताने वाली इसी रिपोर्ट को प्रचारित किया जा रहा है। दूसरी तरफ गैर-सरकारी संस्था (सीएमआईई) ने पिछले साल मार्च में 8.11 फीसदी और जुलाई में बेरोजगारी की दर 7.6 प्रतिशत बताई थी। सीएमआईई हर महीने 1.70 लाख से अधिक घरों का सर्वेक्षण कर आंकड़े जुटाती है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 से 2019 के बीच यह दर छह प्रतिशत से कम रही। 2020 में बेरोजगारी दर 8 फीसदी, 2021 में 5.98 प्रतिशत और 2022 में यह 7.33 फीसदी रही।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## निशाना

**आ जाओ मैदान !**



– कृष्णेन्द्र राय

ना छुप कर अब बैठो ।
आ जाओ मैदान ।।
छवि इमानदार की ।
ना बनो नादान ।।
खाई थी क़सम ।
स्वच्छ रहने वाला ।
रहे फिर क्यों भाग ?
है ना यदि घोटाला ।।
फिर क्यों ये तमाशा ।
और खेलते खेल ।।
ढूंढ़ रहे हैं अफ़सर ।
लो बढ़ा कुछ मेल ।।
कह रहा जनमानस ।
आपके हम साथ ।।
तज डालो यह भय ।
अनुभव क्यों अनाथ ।।

## आज का इतिहास

- **2020** - सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान खत्म करने के बाद लगाए गए प्रतिबंधों की एक हफ्ते के अंदर समीक्षा करने को कहा।
- **साल** का पहला चंद्रग्रहण 10 जनवरी, शुक्रवार को लगा। यह चंद्रग्रहण 10 जनवरी, रात 10 बजकर 39 मिनट से शुरू हुआ तथा 11 जनवरी के तड़के 02=40 बजे तक रहा।
- **केंद्र** सरकार ने नागरिकता संशोधन एक्ट के लिए एक अधिसूचना जारी की। इस कानून के अनुसार, भारत में 31 दिसंबर, 2014 तक आए हिंदू धर्म, जैन धर्म, पारसी धर्म, सिक्ख धर्म, ईसाई धर्म और बौद्ध धर्म के अल्पसंख्यक भारतीय नागरिकता हासिल कर सकेंगे।
- **ईरान** ने घोषणा की कि उसके द्वारा गलती से और अनजाने में एक यूक्रेनी बोइंग 737-800 विमान को निशाया बनाया गया। ईरान ने बयान में कहा कि यह विमान एक संवेदनशील क्षेत्र और सैन्य अड्डे की ओर तेज़ी से मुड़ा था, जिसके कारण हुई मानव-त्रुटि के चलते यह हादसा हुआ।
- **ओमान** के महामहिम सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद का निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।
- **2013** - पाकिस्तान में कई बम धमाकों में 100 लोगों की मौत, 270 लोग घायल।
- **2010**- भारतीय मूल के अमेरिकी फूड सिक्युरिटी एक्सपर्ट राजीव शाह ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अधीनस्थ संस्था यूएस एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डिवेलपमेंट (यूएसएआईडी) के प्रमुख की ज़िम्मेदारी संभाल ली है। इसके साथ ही वह बराक ओबामा प्रशासन में सर्वोच्च पद संभालने वाले भारतीय बन गए।
- **2009**- अशोक कजारिया ने पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री का वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद सम्भाला।

# चीन की दोहरी मुश्किलों का क्या भारत उठा सकता है कोई लाभ, पर कठिन है राह

**जितेंद्र उत्तम**

ताइवान में 13 जनवरी को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले, नए वर्ष के संबोधन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा कि ताइवान को फिर से चीन के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे कुछ ही दिन पहले पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के संस्थापक माओ त्से तुंग के जन्म की 130वीं वर्षगांठ के अवसर पर भी शी जिनपिंग ने दावा किया था कि चीन के साथ ताइवान का पुनः एकीकरण अपरिहार्य है। यह ताइवान में होने वाले महत्वपूर्ण चुनाव से पहले बीजिंग के दीर्घकालिक रुख पर बल देता है। चीन 2.3 करोड़ की आबादी वाले स्व-शासित द्वीप ताइवान को अपने एक प्रांत के रूप में देखता है, जबकि ताइवान अपने संविधान और लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए नेताओं के साथ खुद को चीनी मुख्य भूमि से अलग मानता है। उधर ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने अपने नए साल के संबोधन में कहा कि चीन के साथ ताइवान के संबंध ताइवान के लोगों की इच्छा से तय होने चाहिए। उनकी सरकार ने बार-बार चेतावनी दी है कि बीजिंग चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, जहां एक नया राष्ट्रपति और सरकार चुनी जाएगी।

असल में शी जिनपिंग का यह रुख चीन की हताशा को भी दर्शाता है, जो उसकी दोहरी चुनौतियों से उभरी है। चीन के समक्ष दो तरह की चुनौतियां हैं-आर्थिक मोर्चे पर मंदी और पश्चिमी देशों की घेरेबंदी। हाल के समय में इन चुनौतियों ने चीन के सावधानीपूर्वक निर्मित भव्य आख्यान को प्रभावी ढंग से प्रभावित किया है, जो चीनी क्षेत्र के उदय को महिमामंडित करता है। हालांकि यह मात्र प्रचार नहीं था, क्योंकि 1978 के बाद चीन में औसत वास्तविक विकास दर नौ फीसदी से ज्यादा देखी गई और कुछ चरम वर्षों में इसकी अर्थव्यवस्था 13 फीसदी के ज्यादा के दर से बढ़ी। इस सफलता ने एक गरीब कृषि संस्कृति वाले चीन को औद्योगिक दिग्गज राष्ट्र में बदल दिया। हालांकि तेजी से बदलते घटनाक्रम में चीन की अजेयता अतीत की बात लगने लगी है। कोविड-19 महामारी के प्रति इसकी शून्य सहिष्णुता और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बढ़ते तानाशाही रवैये ने चौतरफा आलोचना बटोरी है।



> कई अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है, जो प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ बढ़ते विवाद के कारण और भी बदतर हो गया है और जो उसके विदेशी निवेश व व्यापार को खतरे में डाल रहा है। भारत इस स्थिति का लाभ उठा सकता है।

वर्ष 2023 के पहले तीन महीनों के मुकाबले दूसरी तिमाही में चीन की जीडीपी मात्र 0.8 फीसदी बढ़ी। चीन की अनुमानित वार्षिक विकास दर अब तीन फीसदी के करीब नजर आ रही है, जो पिछले तीन दशकों में सबसे कमजोर है। नए वर्ष की पूर्व संध्या पर जिनपिंग ने कहा कि कुछ उद्यमों (व्यवसायों) को कठिन समय का सामना करना पड़ा और कुछ लोगों को नौकरियां ढूंढने और बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मुश्किल हुई। यह शीर्ष नेतृत्व द्वारा चीनी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विपरीत स्थितियों की दुर्लभ स्वीकारोक्ति थी। कई अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है, जो प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका व उसके सहयोगियों के साथ बढ़ते विवाद के कारण और भी बदतर हो गया है और जो उसके विदेशी निवेश तथा व्यापार को खतरे में डाल रहा है। विद्वान यह तय करने में लगे हैं कि चीन की मौजूदा आर्थिक समस्याएं अल्पकालिक हैं या संरचनात्मक। 40 खरब डॉलर के विशाल मुद्रा भंडार के साथ चीन अल्पकालिक समस्याओं से निपटने में सक्षम है। लेकिन बुजुर्ग होती आबादी, पश्चिमी बाजारों से अलगाव, स्थानीय मांग के बजाय अधिकांशतः निवेश आधारित आर्थिक विकास जैसे संरचनात्मक मुद्दे जल्द हल होने वाले नहीं हैं।

फिर भी, चीन को जल्दबाजी में खारिज करना गलती होगा। वैश्विक उतार-चढ़ाव को देखते हुए कई लोग अब भी मानते हैं कि सभी बाधाओं के बावजूद 21वीं सदी चीनी सदी होने जा रही है। दोहरे अंकों की आर्थिक वृद्धि के सुनहरे दिनों ने चीनी शासक को महत्वाकांक्षी बीआरआई परियोजना शुरू करने की प्रेरणा दी। विकास के चकित कर देने वाले रिकॉर्ड से प्रभावित होकर चीन ने शांतिपूर्ण विकास की परिकल्पना से बाहर निकल कर अधिक आक्रामक रुख अपना लिया, जिससे उच्च हिमालय से लेकर दक्षिण चीन सागर तक समस्याएं पैदा हो गईं। बीजिंग की आक्रामकता ताइवान के एकीकरण के दावे के साथ 'वन चाइना पॉलिसी' के जबरन कार्यान्वयन में तब्दील हो गई। इसने चीन को अमेरिका के साथ विवाद में उलझा दिया, जो ताइवान की सुरक्षा की गारंटी का दावा करता है। चीन अमेरिकी वर्चस्व वाली उदार विश्व व्यवस्था को चुनौती देने के लिए तैयार है। उसने पश्चिम की रणनीतिक घेरेबंदी को तोड़ने के लिए रूस से हाथ मिलाया है। चीन की बढ़ती ताकत को संतुलित करने के लिए अमेरिका ने कई देशों को चीन-केंद्रित विश्व व्यवस्था की याद दिलाई है, जिसने कभी कोरिया और वियतनाम जैसे देशों को अर्ध संप्रभु स्थिति में रखा था। चीन की मौजूदा आक्रामकता को अतीत के गलत कार्यों के आलोक में देखने से हमें इस एशियाई दिग्गज की भावी कार्रवाई के संकेत मिलते हैं।

चीन में व्याप्त मौजूदा उथल-पुथल से भारत लाभ उठाने की स्थिति में है। चीन की दोहरी चुनौती के विपरीत भारत नई आर्थिक उड़ान के साथ-साथ पश्चिम द्वारा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी की मान्यता पाने के संकेत देख रहा है। क्वाड का संस्थापक सदस्य होने के नाते भारत न केवल रूस से संबंध बनाए रखकर, बल्कि वाशिंगटन की दबाव की रणनीति के खिलाफ रूस से सस्ता तेल खरीदकर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर रहा है। जब चीन को अजेय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, तब भारत बढ़त हासिल करता दिख रहा है। दुनिया ने लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और पूंजीवाद जैसे क्षेत्रों में चीन पर भारत की बढ़त पहचानी है। पश्चिम का मानना है कि स्थायी शक्ति संतुलन के लिए चीन के खिलाफ भारत को खड़ा करने की जरूरत है, जिसने भारत को इस क्षेत्र में एक अपरिहार्य शक्ति बना दिया है।

चीन के आक्रामक रवैये ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भारत को महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया है, जिसका उपयोग तेजी से और दृढ़ संकल्प के साथ किया जाना चाहिए। जनसांख्यिकी भारत के पक्ष में है, लेकिन बेरोजगार युवाओं की फौज को नियोजित करने के लिए गंभीर कोशिश करनी होगी। चीन का मुकाबला करने के लिए चीन से सीखना होगा। देश की बड़ी और युवा आबादी का लाभ उठाकर हम विनिर्माण के क्षेत्र में चीन की जगह ले सकते हैं।

**साभार :** -लेखक पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र, जेएनयू में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

# सखी मंच ने आदिवासी इलाके में पहुंचकर किया ऊनी वस्त्रों का वितरण



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

इस कड़कड़ाती ठंड में गरीब और आदिवासी इलाकों में ठंड से बचने का साधन मिल जाए तो इससे अच्छी बात क्या हो सकती है। सिवनी मालवा शहर की सखी मंच महिलाओं की एक ऐसी संस्था है जो प्रतिवर्ष ठंड के दिनों में आदिवासी क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों में ऊनी वस्त्रो को बाटती हैं। इसी के चलते सखि मंच संस्था के द्वारा मंगलवार को बंदी बटकी गांव की आंगनवाड़ी में पहुंचकर आंगनबाड़ी के बच्चों को फल बिस्किट ऊनी कपड़े महिलाओं को कम्मल मकर संक्रांति के उपलक्ष में गुड तीली एवं अन्य अनाज सामग्री का वितरण किया। वही 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम भगवान की स्थापना दिवस को लेकर पूजन अर्चना करने की जानकारियां दी गई। आंगनवाड़ी में सभी बच्चों को एवं गांव की महिलाओं को बताया कि 22 जनवरी को फूलों से घरों सजाना एवं सभी बहनें अपने-अपने द्वार पर दीए जलाकर भगवान श्री राम की आराधना एवं भजन कीर्तन करना है। इस दौरान सखी मंच की श्रीमती वंदना अग्रवाल,श्रीमती रेखा शर्मा,श्रीमती प्रेरणा,अग्रवाल,श्रीमती अनीता अवस्थी,श्रीमती अनीता खंडेलवाल,श्रीमती सुनीता अग्रवाल,श्रीमती मनोरमा मालवी,श्रीमती संगीता मालवी,श्रीमती नंदा ठाकुर,श्रीमती शोभा पाटनी,श्रीमती अनु रघुवंशी,उषा अग्रवाल,एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थी।




## मंदिर निर्माण के लिए छोटे बच्चों ने दी अपनी गुल्लक की राशि



**सिवनी मालवा।** विगत कई दिनों से श्री राम मंदिर निर्माण समिति ग्राम चतरखेड़ा द्वारा श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा हेतु सहयोग राशि जुटाने का कार्य किया जा रहा है। इसी के चलते बालक उत्सव रघुवंशी जो कि नर्मदा वैली अकैडमी सिवनी मालवा का छात्र है। उसने अपने पिता शैलेंद्र रघुवंशी को बताया कि उसके द्वारा अपनी गुल्लक में विगत कई दिनों से बचत करके जो राशि एकत्रित की थी वह मैं मंदिर समिति को दान करना चाहता हूं । शिक्षक शैलेंद्र रघुवंशी ने अपनी सहयोग राशि के साथ में उनके पुत्र ने अपनी गुल्लक लाकर मंदिर में सौंप दी । उसके चेहरे पर अत्यंत प्रसन्नता के भाव थे।समिति ने निर्णय लिया है कि इस गुल्लक को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन खोला जाएगा।

## कई टीमें पहुंची सेमीफाइनल में विजेता बनने की उम्मीदें कायम

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मप्र जल संसाधन विभाग द्वारा 32वीं जल संसाधन खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्वालियर संभाग के शिवपुरी जिले में किया जा रहा है. नर्मदापुरम संभाग के जल संसाधन विभाग के क्षेत्रीय अध्यक्ष बसारत खान के नेतृत्व में 90 सदस्यीय खिलाड़ियों का दल इस प्रतियोगिता में शामिल होकर विभिन्न खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन करके नर्मदापुरम संभाग का नाम प्रदेश के पटल पर दर्ज कर रहा है। नर्मदापुरम संभाग के दल में नर्मदापुरम हरदा बैतूल तथा छिंदवाड़ा जिले के जल संसाधन विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी शामिल है। सोमवार को बैडमिंटन प्रतियोगिता का शानदार फाइनल मैच आयोजित किया गया। नर्मदापुरम जल संसाधन विद्युत यांत्रिकी संभाग की सहायक यंत्री मेघा बंसल ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। मेघा बंसल ने ग्वालियर संभाग की अस्मिता पटेल को कड़ी टक्कर देते हुए उपविजेता का खिताब अर्जित किया।

नर्मदापुरम संभाग का प्रदेश स्तर पर गौरव बढ़ाने वाली सहायक यंत्री मेघा की इस उपलब्धि पर जल संसाधन तवा परियोजना के नर्मदापुरम मुख्य अभियंता शिशिर कुशवाह अधीक्षण यंत्री तवा परियोजना आर आर मीना, छिंदवाड़ा जल संसाधन अधीक्षण यंत्री ए के डेहरिया, बैतूल जल संसाधन कार्य पालन यंत्री विपिन वामनकर, तवा परियोजना संभाग इटारसी के कार्यपालन यंत्री वी के जैन, सोहागपुर कार्यपालन यंत्री शैलेंद्र पिपरे,



जल संसाधन हरदा संभाग कार्य पालन यंत्री डीके सिंह, नर्मदापुरम क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष बशारत खान महेंद्र ओगले हेमंत अजनेरिया एसडीओ मौसम परते अनिल गुर्जर हरदा , एसडीओ सोनिया, खातरकर, रैकवार, घुरेले, सब इंजीनियर दिनेश बुंदेला,पाठक एमएफ खान गायकवाड उमरिया ,सहित जल संसाधन संभाग विद्युत यांत्रिकी लेखाधिकारी केके अहिरवार अरविंद वस्तरवार सहित सभी कर्मचारियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम खिलाड़ी दल के प्रभारी महेंद्र ओगले ने जानकारी देते हुए बताया कि दल में शामिल नर्मदा पुरम जल संसाधन के खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल फुटबॉल शूटिंग बॉल शतरंज तथा केरम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है. प्रांत स्तरीय जल संसाधन विभाग खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी तक शिवपुरी में किया जा रहा है. खिलाड़ियों को उम्मीद है कि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमें अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल में पहुंचेंगे और प्रतियोगिता में विजेता बनेंगी।

### कलेक्टर सोनिया मीना ने किया

# जनसुनवाई में आए जनसमस्याओं के 110 आवेदन का निराकरण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें। जनसुनवाई के आवेदन लंबित न रहें यह सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर सुश्री मीना ने अधिकारियों के साथ 110 आवेदनों पर सुनवाई की और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में तहसील माखननगर के ग्राम जमुनिया निवासी किसान साक्षी मीना ने समर्थन मूल्य पर ज्वार उपार्जन के उपरांत भुगतान न होने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला आपूर्ति नियंत्रक को आवेदनकर्ता की शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। तहसील इटारसी के ग्राम गोचितरौंदा निवासी अशोक दुबे ने सीमांकन की नकल न मिलने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम इटारसी को आवेदन का समाधान करने के निर्देश दिए। तहसील माखननगर के ग्राम राजोन निवासी कृषक रामनारायण ने बताया कि उनकी भूमि के फोती नामांतरण होने बावजूद भी रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज ने होने कारण उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने तहसीलदार माखननगर को आवेदन की जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम निवासी छोटेलाल ठाकुर ने जनसुनवाई में बताया कि वे जलसंसाधन विभाग में पंप ऑपरेटर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हे सेवानिवृत होने के 10 वर्ष बाद भी क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला हैं। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने जल संसाधन विभाग को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम के ग्राम कुलामढ़ी निवासी आर एस ठाकुर ने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण के संबंध में आवेदन दिया जिस पर तहसीलदार ग्रामीण को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार इटारसी निवासी सुनील कुमार पांडे ने इटारसी के जयस्तम्भ चौक पर स्थित जर्जर बिल्डिंग को तोड़ने के संबंध में आवेदन। दिया। जनसुनवाई में आए अन्य आवेदनों का भी कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा निराकरण किया गया।

## सफलतापूर्वक धान खरीदी सम्पन्न, खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखें: कलेक्टर

### लापरवाही करने वाली समितियों को नोटिस जारी करें

**नर्मदापुरम।** जिले में धान खरीदी सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखें। जिन समितियों द्वारा खरीदी में निर्देशों का अवेहलना और गंभीरता नही बरती जा रही हैं। उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करें। यह निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने उपार्जन संबंधी अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में धान उपार्जन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश



दिए कि ऐसे केंद्र जहां परिवहन धीमा हैं। वहां तौलकांटो, श्रमिकों एवं वाहनों की संख्या बढ़ाकर सुगमता और सुचारू रूप से परिवहन कराएं। जिन किसानों की स्लॉट की अवधि समाप्त होने वाली हैं। ऐसे किसानो की धान त्वरित रूप से तुलवाई जाएं। सहकारिता विस्तार अधिकारी अपने क्षेत्र के केंद्रो का सतत निरीक्षण करें और व्यवस्थित रूप से धान खरीदी कराएं। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि अभी तक जिले में 17139 किसानों ने स्लॉट बुक कराया हैं। जिसमें से 12842 किसानों से 143713 मीट्रिक टन खरीदी गई हैं। 139052 मीट्रिक टन धान का परिवहन किया गया जा चुंका हैं। जो कुल खरीदी का 98 प्रतिशत हैं। अभी तक किसानों को 221.14 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया हैं। बैठक में उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ, उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वॉलीबॉल और एथलेटिक्स स्पर्धा में नर्मदापुरम जोन का रहा दबदबा



**नर्मदापुरम।** जनजाति कार्य विभाग के स्टाफ के लिए खेली जा रही राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में नर्मदापुरम जोन का दबदबा रहा है। सोमवार को कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। मंगलवार को वॉलीबॉल स्पर्धा में नर्मदा पुरम जॉन ने जबलपुर जोन को सीधे सेट्स में 25-17, 25-20. हराकर खिताब जीता। वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन हायर सेकेंडरी ग्राउंड पथरोटा में सम्पन्न हुआ। दूसरी और खेल प्रशाल खेड़ा इटारसी में संपन्न राज्य एथलेटिक्स स्पर्धा अंतर्गत 100 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में शालीन दास (नर्मदापुरम), महिला वर्ग में आम्रपाली पायकराव (नर्मदापुरम), गोला फेंक स्पर्धा स्पर्धा के पुरुष वर्ग मे हेमरथ तोमर (इंदौर), महिला वर्ग मे राजनंदिनी राजपूत (नर्मदापुरम), लंबी कूद पुरुष वर्ग में दिनेश भींडे (इंदौर) महिला वर्ग में आम्रपाली पायक राव (नर्मदापुरम), जैवलिन थ्रो के पुरुष वर्ग में हेमरथ तोमर (इंदौर), महिला वर्ग मे आम्रपाली पायकराव (नर्मदापुरम) ने गोल्ड मैडल जीता।दोनों ही स्पर्धाओं के दौरान संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य जेपी यादव उपस्थित रहे तथा उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विजेता, उपविजेता तथा सहभागिता बाले खिलाड़ियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र वितरित किये। संभागीय उपायुक्त ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। यहां पर जो खिलाड़ी आए हैं वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर खेल के प्रति चेतना जागृत करने का कार्य करें। इन स्पर्धा के विजेता दल 14 से 16 सीहोर में आयोजित होने वाले दसवीं स्कूल एजुकेशन स्पोर्ट्स मीट में भाग लेंगे। एथलेटिक्स स्पर्धा के नोडल अधिकारी रविंद्र अभ्यंकर प्राचार्य वालीबॉल स्पर्धा के नोडल अधिकारी अरविंद देवलिया ने सभी का आभार प्रकट किया।

## मीनाक्षी चौक चौड़ीकरण का काम जारी सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा मीनाक्षी चौक को चौड़ा करने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है. मंगलवार को दिन भर यहां की दुकानों को हटाए जाने का काम निरंतर जारी रहा. इन दुकानों को जल संसाधन संभाग परिसर की भूमि पर स्थापित किए जाने की कार्रवाई नगर प्रशासन द्वारा की जा रही है. वर्तमान समय जहां पर यह दुकान स्थापित है इन दुकानों के पीछे लगा हुआ जल संसाधन संभाग कार्यालय का भू-भाग है जहां पर इन विस्थापितों को स्थापित किया जाएगा. प्रशासन की इस कार्रवाई से मीनाक्षी चौक पर आवागमन सुलभ होगा और आने जाने वाले वाहनों को हर प्रकार की सुविधा होगी।

**मेट्रो एंकर** — नर्मदा कॉलेज में मनाया वाणिज्य दिवस

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ देश की आर्थिक स्थिति में वाणिज्य और व्यापार की महत्ता पर हुई चर्चा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



शासकीय नर्मदा कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य दिवस मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री स्नेहांशु और रविंद्र चौरसिया एमजीएम कॉलेज इटारसी से उपस्थित हुए। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में वाणिज्य की लोकप्रियता बढ़ी है। वाणिज्य देश की आर्थिक स्थिति में रीढ़ की हड्डी का काम करता है सरकारी नौकरियों और संसाधनों की सीमितता के कारण व्यापार क्षेत्र को बढ़ावा देना होगा।

स्टार्टअप, उद्यमिता द्वारा आत्म निर्भरता की ओर ध्यान देना जरूरी है।विभागाध्यक्ष डॉ एस सी हर्ने ने नर्मदा कॉलेज की उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल वाणिज्य, प्रबंधन, राजनीति व खेल के क्षेत्र में बल्कि देश-विदेश में भी कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कार्यक्रम में कॉमर्स कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोहिनी चौरे उपाध्यक्ष देव श्रीवास्तव , सचिव आकाश एवं सहसचिव हर्षित यादव बनाए गए। प्रबंध समिति के अध्यक्ष मयंक बाधवानी व क्रीड़ा समिति में समर्थ सांस्कृतिक समिति अंशुल सत्या, वोटर अवेयरनेस समिति प्रियांशु चौरे पर्यावरण जागरूकता समिति झरना नियुक्त किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से नृत्य, गायन, वादन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।विद्यार्थियों ने नाटक द्वारा पारिवारिक विघटन, पीढ़ी अंतराल, आपसी प्रेम और तालमेल का मंचन किया, जिसे बहुत पसंद किया गया। रैंप वॉक में विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा के साथ उनकी सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की गई जिसमें केरल की संस्कृति के प्रतिनिधियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । दूसरी और कुछ छात्रों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा वाणिज्य के क्षेत्र में नई संभावनाओं की झलकियां प्रस्तुत की जिसमें नये भारत के विभिन्न आर्थिक आयामों को दिखाया गया।

सॉफ्टवेयर एजेंसी के संचालक अनंत तिवारी ने विद्यार्थियों को प्रेरणा स्पद संबोधन दिए ।समारोह के अंत में प्रतिभाशाली और मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ मीना कीर ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ दिनेश श्रीवास्तव का रहा। खुशी साहू, अथर्व तिवारी, मयंक वाधवानी,महिमा , जिया खान ,प्रियांशी, दिव्या, सलोनी, निशा, अंशु सत्या, आयुष मालवीय,मेघा, आदि विद्यार्थियों का सराहनीय देव, सहयोग रहा।डॉ आर एस बोहरे, डॉ हंसा व्यास, डॉ संजय चौधरी, डॉ सविता गुप्ता, डॉ ममता गर्ग, डॉ बी एल राय, डॉ कल्पना विश्वास,डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे, डॉ केशव मिश्रा, डॉ रौशनी थापक, डॉ नीता वर्मा, डॉ मालती पटेल, डॉ अंजना यादव, उमेश सेन, चेतना पवार, रीना सक्सेना,एस के झा एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।






# टीवी, मोबाइल के चक्कर में युवा पीढ़ी विदेशी संस्कृति को अपना रही और भारतीय संस्कृति को भूल रही : श्री राधे

**सिरोंज।** सिद्ध बाबा स्थल सिरसवास में चल रही राम कथा में कथावाचक श्री राधे ने भगवान राम के जन्म उत्सव के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि पपिया का नाश करने के लिए भगवान श्री राम ने मानव रूप अयोध्या में राजा दशरथ के यहां पर जन्म लिया जैसे ही राम जी का जन्म हुआ तो पूरी अयोध्या राम की भक्ति में लीन हो गई थी एक बार फिर अयोध्या में रामराज जय जयकार हो रही है । आज हर घर में राम जैसा मर्यादा पुरुषोत्तम बेटा हो तो हर घर में रामराज स्थापित होगा इसलिए हम सबको अपने-अपने घर में राम ,लक्ष्मण ,भरत ,शत्रुघ्न जैसे बेटे बनाने के लिए संस्कार प्रारंभ से ही देना होगा संस्कारों का अभाव हर जगह देखने को मिल रहा है। टीवी, मोबाइल के चक्कर में आज की युवा पीढ़ी विदेशी संस्कृति को अपना रही और अपनी भारतीय संस्कृति को भूल रही है। माता-पिता को अपने बच्चों को संस्कार बना बनाने के लिए शुरू से ही ध्यान देना होगा। हर घर में प्रतिदिन रामायण का पाठ हो धर्म और संस्कृति की बात है होनी चाहिए राम जी ने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए पल भर का समय लिए बगैर बनवास पर चले गए थे। राम जी के बनवास जाने की की कथा का भी वर्णन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

सीएम के सख्त निर्देश के बाद, यातायात पुलिस वाहनों की कर रही है जांच

# संस्कार, सेंट जोसेफ स्कूल, यादव कॉलेज कई स्कूलों के वाहन बगैर परमिट दौड़ रहे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गुना में हुई दुर्घटना के बाद सीएम के द्वारा बगैर परमिट , दस्तावेजों, सुरक्षा उपकरण के विन कोई वाहन सड़कों नहीं चलना चाहिए यदि बगैर दस्तावेज के वाहन चल रहे हैं तो इन कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद यातायात पुलिस के द्वारा लगातार वाहनों की जांच पड़ताल करके चालानी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इनकी जांच में बगैर परमिट के स्कूल बस आदि चलने का खुलासा भी हुआ है । कुछ बसे तो सड़कों से गायब हो गई है। अभी भी कई स्कूलों के वाहन बगैर परमिट के चल रहे हैं इसमें इनमें से कुछ बसे बगैर परमिट के संचालित होते हुए यातायात पुलिस को मिले हैं। यातायात प्रभारी रितेश बघेल ने बताया कि हमारी जांच में संस्कार स्कूल की बस बगैर परमिट के चलते हुए मिली थी इन्होंने उसे समय हमें बताया कि हमारे दस्तावेज रिन्यू होने के लिए आरटीओ ऑफिस गए हैं ।

वाहन का परमिट काफी समय पहले रिन्यू होना था पर जानबूझकर नहीं बनवाए अब कार्रवाई होने के डर से होने पर इस तरह का बहाना करके दस्तावेज बनवाया जा रहे हैं । बगैर परमिट के स्कूल वाहन दौड़ने का काम किया जा रहा है ऐसे वाहन मालिकों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई अभी तक यातायात पुलिस के द्वारा नहीं की गई है। यातायात पुलिस के द्वारा एक-दो दिन का समय दिया था पर कई दिन भी जाने के बाद भी दस्तावेज कंप्लीट नहीं हुए हैं फिर भी वाहन बगैर रोक-टोक दौड़ रहे हैं। इसी तरह सेंड जोसेफ स्कूल के कुछ वाहन भी बगैर परमिट के चल रहे हैं उन्होंने भी आरटीओ से परमिट रिन्यू करने की बात कही है इसी तरह यादव महाविद्यालय के वाहन भी बगैर परमिट के रहे हैं इन्होंने एक-दो दिन का समय दिया था अब इनके द्वारा आरटीओ ऑफिस में अधिक कम होने का बहाना करके दस्तावेज जमा करने की रसीद दिखाकर कार्रवाई से बचने का काम किया जा रहा है वैसे परमिट जारी नहीं होने तक वाहनों को सड़कों पर नहीं दौड़ा जा सकता । जिनमें स्कूल वाहन बगैर परमिट के चल रहे हैं। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है ।



### इनका कहना है

*सभी तरह के वाहनों की जांच की जा रही है रिकॉर्ड भी एकत्रित किया जा रहा है अभी संस्कार ग्रीन वैली स्कूल की एक बस बगैर परमिट के चल रही है, एक वाहन सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का है और एक यादव महाविद्यालय का वाहन भी बगैर परमिट के मिलते हुए मिला है इन्होंने एक-दो दिन का समय लिया था यदि अभी इनके परमिट कंप्लीट नहीं हुई तो कार्रवाई की जाएगी।*

***रितेश बघेल** यातायात प्रभारी सिरोंज*

### कर्रवाई के साथ सभी वाहनों का डाटा कर रहा है एकत्रित

यातायात पुलिस के द्वारा सीएम तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सभी तरह के वाहनों की जांच के बाद अभी नियम वृद्धि चलने पर केवल चालानी कार्रवाई की जा रही है बगैर परमिट के वाहन चलने पर भी इनको जप्त नहीं किया जा रहा है। दूसरी ओर क्षेत्र में कितनी बसें कितने ट्रक व कितने स्कूल कॉलेज में बसों आदि वहां लगे हैं उन सब का डाटा भी एकत्रित किया जा रहा है। इसमें अभी तक 90 यात्री बसों की स्थिति सामने आई है दूसरी ओर कितने ट्रक चल रहे उनकी स्थिति भी सामने नहीं आई है साथ ही स्कूल कॉलेज के कितने वाहन हैं उनके परमिट एवं अन्य दस्तावेज है उनकी भी जांच करके रिकॉर्ड एकत्रित किया जा रहा। इसके बाद आरटीओ कार्यालय से भी उनकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। जिनके पास दस्तावेज नहीं मिलना है उनके अभी चालान काटे जा रहे हैं । साथ ही बगैर परमिट वाले वाहनों को रोकने टोकने का काम भी प्रारंभ कर दिया इसके बाद भी कई वाहन बगैर परमिट के चलते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर यातायात पुलिस की कार्रवाई के बाद से ही ऑटो चलाको ने अपने वाहनों के परमिट व अन्य दस्तावेज जरूर कंप्लीट कर दिए हैं। बड़े स्कूल संचालकों के द्वारा अपने वाहनों के परमिट नहीं बनवाए हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन स्कूल संचालकों को प्रशासन की कार्रवाई का कोई डर नहीं है उल्टा प्रशासन की कार्रवाई का मजाक उड़ा रहे हैं बगैर परमिट के ही वाहनों को दौड़ने का काम की जा रहा किसी दिन कोई घटना दुर्घटना होगी तब उसका जिम्मेदार कौन होगा।

# जैन मंदिर के पास 40हजार की चोरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के रावजी पथ स्थित जैन मंदिर के पास गत रात्रि चोरों ने एक दुकान पर 40 हजार रुपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया जितेन्द्र जैन पिता विमल कुमार जैन निवासी रावजीपथ सिरोंज का रहने वाले जीतेन्द्र जैन ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि रावजीपथ सिरोंज में मकान में ही किराने की दुकान चलाता हूँ, कल के रात 9 बजे करीबन दुकान बंद कर घर चला गया था व आज सुबह 7.30 बजे करीबन मै दुकान खोलने के लिये गया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ कुंदा में लटका था फिर मैने दुकान की सटर उठा कर देखा तो दुकान का सामान विखरा पडा था व दुकान में रखी लकडी की पेटी जिसमें दुकान का गल्ला रखता था वह टुटी हुई थी एवं एक प्लास्टिक का डिब्बा जिसमें दुकान का गल्ला रखा रहता था वह नही था पेटी व डिब्बा में करीबन 5-6 दिन की दुकान का गल्ला रखा था जो करीबन 30 - 35 हजार रूपये होंगे दुकान का क्या सामान, गया यह मुझे अभी पता नही है । कोई अज्ञात व्यक्ति दुकान का ताला तोड कर दुकान से रूपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में जाँच प्रारम्भ कर दी है।



### नहीं की गई एफ आई आर

हमेशा की भांति पुलिस ने अपने कर्तव्यों से बचने के लिए आवेदन लेकर ही इति श्री कर ली है। नागरिकों में पुलिस के इस रवैये से रोष व्याप्त है।

### गर्ल्स स्कूल के पास रहता है दिन भर जमावड़ा

रावजी पथ पर लड़कियों का स्कूल होने के बावजूद भी इलाके में पुलिस का कोई गश्त नहीं रहती, रात दिन आवाराओं का मजमा होने के बाद ना तो यहां महिला पुलिस या अन्य कोई जिम्मेदार रोकने टोकने वाला है। इसी कारण चोर और गुंडों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं, आज दूकान में चोरी हुई है तो यहाँ निकट में स्थित प्राचीन जैन मंदिर की सुरक्षा पर भी नागरिकों को संदेह उत्पन्न होने लगा है।

### पत्रकारो का सम्मान समारोह



**सिरोंज।** निजी स्कूल द्वारा नववर्ष मिलन व पत्रकारो का सम्मान समारोह में रिपोर्टर अब्दुल अलीम को स्कूल प्राचार्य द्वारा नवाजा गया।

# आंखों पर पट्टी बांधे खनिज विभाग में बैठे अधिकारियों को दिखाई नही दे रहे अवैध उत्खनन!

### नई सरकार बनते ही वेतबा सहित अन्य नदियों से रेत का अवैध उत्खनन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रेत का अवैध रूप से उत्खनन करने वाले माफिया सिर्फ इस इंतजार में रहते है कि सरकार किस दल की विराजमान होने जा रही है,और जैसे ही सत्ता बदलती है वैसे ही उस दल से जुड़े हुऐ रेत का अवैध उत्खनन करने वाले माफिया सक्रिय हो जाते है। और रेत कहां निकलेगी उन अवैध घाटों की तलाश में लग जाते है,और ये गोरखधंधा खनिज विभाग के अधिकारियों की साठगाँठ से ही संभव होता है। प्रदेश में नई नवेली सरकार के मुखिया को सत्ता संभाले हुऐ अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है,वह कितना भी मीडिया में दम भरते हुऐ कहते नजर आयें की प्रदेश में उनके द्वारा अवैध खनिज का का कारोबार बर्दास्त नही किया जायेगा

नर्मदा नदी सहित अन्य किसी भी नदी को छलनी नही होने दिया जायेगा। परंतु अवैध उत्खनन पर शायद ही अंकुश लगा पायें, क्योंकि यह सब असलियत तो धीरे-धीरे ही धरातल पर नजर आनी है। क्योंकि जब तक जिले के इन विभागों में भ्रष्ट अधिकारी पदस्थ रहेंगे तब तक उक्त विभाग के राजस्व पर यह ये अधिकारी डांका डलबाते रहेंगे,जिस से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता रहेगा यानि कि नदियों के अवैध घाटों से रेत,मुरम निकल बाते और विभाग को खोखला करते रहेंगे। क्योंकि खनिज विभाग में पदस्थ इन अधिकारियों को इस बात पता रहता है कि मैदान में तो उन्हीं को रहना है,और विदिशा जिले के जिला प्रशासन और खनिज अधिकारियों के किस्से तो जग जाहिर है। और यदि कोई व्यक्ति क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन की शिकायत विभाग में बैठे हुऐ जिम्मेदार अधिकारी से करता है तो ये अधिकारी उक्त खबर अवैध उत्खनन कर्ताओं तक बड़ी आसानी से पहुँचा देते है। शिकायतकर्ता पर अवैध उखन्नन कर्ताओं से अनावश्यक दबाव बनवाने का हर संभव प्रयास करते हैं। ऐसे में देखना यह है कि खनिज विभाग में बैठे हुऐ अफसरों से श्मोहनश् सरकार कैसा कार्य करवातीहै। क्योंकि खनिज माफियाओ ने तो अपने ठिकाने बना ही लिऐ है,और जिले भर में अवैध खनन की ट्रलिया भागदौड़ करते दिखाई भी पड़ने लगी है। ऐसे में फिर रेत का अवैध कारोबार जोर पकड़ता दिखाई देने लगा है। रेत के नए- पुराने अवैध घाट आम लोगों को तो दिखाई पड़ जाते है,पर ये घाट आंखों पर पट्टी बांधे खनिज विभाग में बैठे अधिकारियों को दिखाई नही देते है। कारण, कारण सभी जानते है।





**मेट्रो एंकर** शहर के आसपास नियम कानून को ताक पर रख कर

# राजस्व, नजूल विभाग की नाक के नीचे चल रहा अवैध प्लाटिंग की खरीद फरोख्त का खेल

### राजस्व विभाग बताए कहां गई, शहर और आसपास की शासकीय भूमि, धरती खा गई या फिर आसमान निगल गया ?

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




शहर के चारों तरफ सक्रिय भूमाफिया भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही के नाम पर अब तक महज कागजी खानापूर्ति की जाती रही है। स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे चंद अधिकारीयों की सांठ-गांठ से शहर और उसके आसपास के क्षेत्र में सक्रिय भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जिस के संबंध में अनेकों बार कलेक्टर द्वारा जानकारी चाही गई और कागजी खानापूर्ति कर के भेज दी जाती रही है। जिस के चलते किसी भी भू-माफिया की सेहत पर रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता क्योंकि जिन्हें कार्यवाही करना है वह भू-माफियाओं के साथ कदमताल करते हुऐ रहते हैं। जिस तरह से क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कारोबार चल रहा है उससे सरकार को कंही ना कंही चूना तो लगाया जा रहा है। वहीं निजी भूमियों से लगी शासकीय भूमि को भी बेचा खरीदा जा रहा है,अवैध प्लाटिंग के इस कारोबार में सब के सब अपने अपने स्तर पर लिप्त है। लेकिन इसका नुकसान सरकार को हो रहा है और फायदा प्रशासन में बैठे हुऐ नुमाइंदे उठा रहे हैं। जिस के चलते शहर और उसके आसपास के क्षेत्र में अवैध कालोनियों की बाढ़ सी आई हुई है एवं कोड़ियों की भूमि करोड़ों में बिक रही है।

अवैध प्लाटिंग कर्ताओं ने और अवैध कालोनाईजरों ने भूमि के रेट शासकीय कीमत से भी अधिक बढ़ा रखे हैं,परंतु मजेदार बात ये है कि इस सब की आड से शासकीय भूमि बिक गई बची कुची शासकीय भूमि बिक रही है नाले बिक रहे हैं। लेकिन राजस्व विभाग कल भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा और आज भी वही हाल है। अब सवाल ये उठता है, कि धड़ल्ले से चल रहे खरीद फरोख्त के इस खेल को रोकेगा कौन क्योंकि यहां तो सब के सब ढाक के तीन पात नजर आते हैं। राजस्व विभाग और नजूल विभाग की नाक के नीचे सब कुछ नियम कानून को ताक पर रख कर चल रहा खरीद फरोख्त का खेल,कहां गई शासकीय भूमि धरती खा गई या फिर आसमान निगल गया।


## कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रेक्षत्र, भदभदा भोपाल (म.प्र.)

Phone-0755-2696827 email:-ddvsdairyestate@yahoo.co.in

क्रमांक 1561/ चारा/2023-2024 भोपाल, दिनांक 21-12-2023

### निविदा सूचना

संचालनालय पशुपालन मध्यप्रदेश की ओर से शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा एवं चरी चारा प्रक्षेत्र हथाईखेड़ा भोपाल पर पशु पालन, कृषि कार्य, चरी चारा कटाई आदि कार्यों हेतु वित्तीयच वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिये ईप्रीक्योरमेंट प्रणाी के द्वारा पोर्टल http\\mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | विवरण | प्रपत्र क्रय करने करने का दिनांक | निविदा राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| एन.आई.टी/ जे.डी.व्ही एस डेयरी/ 01/ 2024 | शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र हथाईखेड़ा भोपाल पर पशु पालन कृषि कार्य, चरी चारा कटाई आदि कार्यो हेतु निविदा आमंत्रण | 11.01.2024 | 1000+ (प्रोसेसिंग फीस) | रूपये 4 लाख (रू चार लाख मात्र) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ. डी.आर. जिसकी वैद्यता दि. 31.03.2026 तक होना अनिवार्य है। | 01-02-2024 |

1-निविदा प्रपत्र उक्त वर्णित बेवसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2-निविदा संबंधी समस्त जानकारी बेवसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय से प्राप्त की जा सकती है।
3- निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 100.00 लाख मात्र है।
4- निविदा में संशोधन ऑन लाईन पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

(डॉ. प्रभात दाते)
संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, दुग्ध संपदा, भदभदा भोपाल (म.प्र.)

G-22718/23

## टी-20 में अफगानिस्तान को भारत के खिलाफ पहली जीत का इंतजार

# भारत-अफगानिस्तान के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत कल से

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप के 3 चैंपियन इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका को 3 महीने पहले ही भारत में हराने वाली अफगानिस्तान टीम फिर भारत आ रही है। टीम कल यानी 11 जनवरी से भारत में 3 टी-20 की सीरीज का पहला मैच खेलेगी। सीरीज जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिहाज से अहम है। 50 ओवर के फॉर्मेट में हाल-फिलहाल कमाल का खेल दिखलाने वाली अफगान टीम टी-20 फॉर्मेट में 63 फीसदी मैच जीतती है। हालांकि टीम भारत के खिलाफ किसी भी फॉर्मेट का कोई मैच नहीं जीत सकी है। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और तीनों फॉर्मेट टी20, वनडे और टेस्ट में नंबर वन पर रही। भारत ने वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एकतरफा प्रदर्शन किया लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत पाई। ऐसा ही वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी हुआ, लेकिन 2024 में फैंस टीम से टी20 वर्ल्ड कप जीतने की आस लगाए बैठे हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी।




### द्विपक्षीय सीरीज होगी

टीम इंडिया इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। इनमें से इंग्लैंड के साथ सीरीज जनवरी से मार्च के बीच खेली जाएगी। वहीं, अन्य देशों के साथ सीरीज जुलाई से दिसंबर के बीच होने की संभावना है। बीसीसीआई ने आगे का शेड्यूल नहीं जारी किया है, लेकिन एफटीपी चक्र से साफ है कि साल के आखिरी छह महीनों में भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलनी हैं।

### भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज

पहला टी20 – 11 जनवरी मोहाली में खेला जाएगा
दूसरा टी20 – 14 जनवरी को ग्वालियर में खेला जाएगा
तीसरा टी20– 17 जनवरी को बैंगलोर में खेला जाएगा

**टेस्ट सीरीज भी होगी:** दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। यह मैच भारतीय समयनुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। जो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के माध्यम से बेहद अहम होगी। सीरीज का पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में होगा।

### शहजाद ने बनाए सबसे ज्यादा रन, राशिद टॉप विकेट टेकर

टी-20 में मोहम्मद शहजाद और राशिद खान अफगानिस्तान के टॉप परफॉर्मर रहे। शहजाद ने इस फॉर्मेट में अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 2048 रन बनाए, जबकि राशिद खान ने सबसे ज्यादा 81 विकेट लिए हैं। अफगानिस्तान के लोगों में क्रि केट का शौक पाकिस्तान में रिफ्यूजी कैंप में रहने के दौरान पनपा। 80 के दशक में देश में युद्ध चल रहा था, इस वजह से बड़ी संख्या में अफगान नागरिक पाकिस्तान में रिफ्यूजी बनकर आए थे। पाकिस्तान में पहले से क्रिकेट लोकप्रिय था। 1992 में पाकिस्तान के वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद वहां खेल और भी मशहूर हो चला। तब कैंप में मौजूद अफगानी बच्चों ने भी क्रिकेट खेलना शुरू किया। बाद में राशिद खान जैसे स्टार अफगान क्रिकेटर भी ऐसे ही रिफ्यूजी कैंप से ही सामने आए। 1995 में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का गठन हुआ। इस बोर्ड को 2001 में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से एफिलिएशन मिला। 2003 में एशियन क्रिकेट काउंसिल ने अफगान क्रिकेट को मान्यता दी और 2009 में टीम ने पहला इंटरनेशनल मैच भी खेल लिया।

### भारत के खिलाफ किसी भी फॉर्मेट में जीत का इंतजार

अफगानिस्तान की टीम क्रिकेट जगत में तेज तरक्की कर रही है लेकिन वह किसी भी फॉर्मेट में भारत को अब तक हरा नहीं पाई है। सभी फॉर्मेट मिलाकर दोनों टीमों के बीच 10 मैच हुए, 8 भारत ने जीते। एक मैच टाई रहा, जबकि एक बेनतीजा भी रहा। टी-20 फॉर्मेट में भारत और अफगानिस्तान के बीच 5 मैच हुए हैं। 4 भारत ने जीते, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा।

### मेजर टूर्नामेंट में बनाया रिकॉर्ड, अब एशियाड के फाइनल तक पहुंचे

अफगानिस्तान की टीम ने टी-20 में तीन अलग-अलग तरह के मेजर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। इनमें टी-20 वर्ल्ड कप, एशिया कप और एशियन गेम्स शामिल हैं। एशिया कप और वर्ल्ड कप में टीम कभी नॉकआउट राउंड में नहीं पहुंच सकी। एशियन गेम्स में अफगानिस्तान ने पिछले साल ही सिल्वर मेडल जीता। तब भारत के खिलाफ टीम का गोल्ड मेडल मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। भारत को बेहतर टी-20 रैंकिंग के कारण गोल्ड मेडल दिया गया था।

### अब तक 62.80 फीसदी टी-20 जीते, 24 में से 17 सीरीज अपने नाम की

अफगानिस्तान का ओवरऑल टी-20 फॉर्मेट में रिकॉर्ड शानदार रहा है। टीम ने 1 फरवरी 2010 को पहला टी-20 खेला था। तब से टीम ने 121 मैच खेले और 76 में जीत दर्ज की। यानी जीत परसेंटेज 62.80 फीसदी का रहा। द्विपक्षीय सीरीज में भी टीम का रिकॉर्ड बेहतरीन रहा। टीम ने 24 सीरीज खेलीं और 70.83 फीसदी यानी 17 में जीत दर्ज की। 5 सीरीज टीम ने गंवाई, जबकि 2 ड्रॉ भी खेलीं। अफगानिस्तान पहली बार भारत के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा।

---

### राष्ट्रपति ने दिए अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार

# राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत हुए मप्र के 3 खिलाड़ी व एक प्रशिक्षक

**खेल व युवा कल्याण मंत्री सारंग ने दी बधाई**

**भोपाल, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में मध्यप्रदेश की चार खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने मप्र के शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरा-केनोइंग खिलाड़ी प्राची यादव और महिला हॉकी खिलाड़ी सुशीला चानू को अर्जुन पुरस्कार और हॉकी प्रशिक्षक शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र के लिये इन पलों को गौरवशाली बताते हुए खिलाड़ियों को दी है। पहली बार मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया गया।

***ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर**- वर्ष 2023 में हांगझू, चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और एक कांस्य पदक, दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आयोजित 15वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में एक स्वर्ण पदक (व्यक्तिगत) और एक रजत पदक (पुरुष टीम) और बाकू, अजरबैजान में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में एक स्वर्ण पदक (पुरुष टीम) जीत चुके हैं।*

***प्राची यादव** – वर्ष 2023 में हांगझू, चीन में आयोजित चौथे पैरा एशियाई खेलों में एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक, समरकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित एशियाई पैरा कैनो चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक तथा वर्ष 2022 में पॉज़्नान, पोलैंड में आयोजित आईसीएफ पैरा कैनो विश्व कप में एक कांस्य पदक हासिल कर चुकी हैं।*

***सुशीला चानू** – हांगझू, चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में एक कांस्य पदक, वर्ष 2022 में बर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित 22वें राष्ट्रमंडल खेलों में एक कांस्य पदक और वालेंसिया, स्पेन में आयोजित एफआईएच नेशंस कप में एक स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।*

***शिवेन्द्र सिंह** – वर्ष 2020 से सीनियर पुरुष टीम के कोच हैं और उन्होंने श्रीजेश परट्टू रवींद्रन, कृष्ण बहादुर पाठक, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय, सुमित और मनप्रीत सिंह सहित प्रमुख और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है।*



### 29वीं डिजियाना-आईईएस इंटरप्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता

# रोहिताश के दोहरे प्रदर्शन से भास्कर की विजयी शुरुआत, पत्रिका को छह विकेट से दी मात

**भोपाल, एजेंसी**

रोहिताश मिश्रा (छह विकेट, 49 रन) के दोहरे प्रदर्शन की मदद से भास्कर ने गत विजेता पत्रिका को छह विकेट से हराकर ओल्ड कैंपियन मैदान में आयोजित 29वीं डिजियाना-आईईएस इंटरप्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में विजयी आगाज किया, जबकि कारपोरेट वर्ग के अन्य मुकाबले में हमीदिया स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सोसायटी ने दैनिक जनचर्चा की टीम को तीन विकेट से शिकस्त दी। पहले मुकाबले में भास्कर की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले खेलते हुए पत्रिका टीम 18.3 ओवर में मात्र 124 रन बनाकर सिमटी। उसकी ओर से कप्तान पीसी रजक ने सर्वाधिक 38 रन की पारी खेली। रजत शर्मा ने 18 रन बनाए।



भास्कर के लिए रोहिताश मिश्रा ने चार ओवर की गेंदबाजी में मात्र नौ रन देकर छह शिकार किए। प्रभात शुक्ला को तीन, अश्विन सोलंकी को सफलता मिली। जवाब में भास्कर टीम ने 15 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर जरूरी रन बना लिए। इसके बाद रोहिताश ने पारी को संभालते हुए 49 रन बनाए। प्रभात शुक्ला ने 19 रन जोड़े। पत्रिका के पीसी रजक को दो, शेख कमर और अभिषेक श्रीवास्तव को 1-1 विकेट मिला। दोहरे प्रदर्शन के लिए रोहिताश मिश्रा को मानसरोवर मैन आफ द मैच और रामकृष्ण यदुवंशी को आरएनटीयू वैल्यूवल प्लेयर अवार्ड दिया। दूसरे मुकाबले में दैनिक जनचर्चा ने टास जीतकर बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 170 रन बनाए। हृदेश ने 53, शुभम पांडे ने 22 और अभिषेक सिंह ने नाबाद 22 रन जोड़े। हमीदिया के लिए बुमराह आदिल और कप्तान जामरान जावेद ने 2-2, आदिल भट व उसामा खान को 1-1 सफलता मिली। जवाब में हमीदिया ने 16 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर जरूरी रन बना लिए। उसकी ओर से वसीम अकरम ने नाबाद 70, ईशा पठान ने 26, आदिल भट ने नाबाद 25 रन बनाए।

---



## मेट्रो बाजार

# टाटा स्टारबक्स की बड़ी योजना, हर तीसरे दिन नया स्टोर खोलेगी

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टारबक्स प्राइवेट लिमिटेड ने बड़ी योजना का खुलासा किया है। कंपनी ने साल 2028 तक भारत में अपने स्टोरों की संख्या 1,000 तक पहुंचाने का खाका खींचा है। मतलब कि कंपनी हर तीसरे दिन एक नए स्टोर की शुरुआत की जाएगी। इससे पहले कंपनी ने बीते नवंबर में लंबी अवधि की ट्रिपल शॉट रीइंवेन्शन स्ट्रैटेजी पेश की थी। इस स्ट्रेटेजी का पूरा ध्यान लोकल पार्टनर्स को रोज़गार के लिए तैयार करने, बेहतर अनुभव के साथ ग्राहकों को सेवाएं देने वाले नए स्टोर्स की शुरुआत करने की ओर है। साथ ही कंपनी दुनिया भर में स्टारबक्स के ग्राहकों के बीच भारतीय मूल की कॉफी को बढ़ावा देना चाहती है। टाटा स्टारबक्स की तरफ से यहां जारी किए गए एक बयान में यह जानकारी दी गई है। कंपनी ने कहा है कि साल 2028 तक अपने स्टोरों की संख्या 1,000 तक ले जाने का जो लक्ष्य तय किया है, उसे हासिल करने के लिए कंपनी अपने कर्मचारियों की संख्या को दोगुना करके 8,600 करेगी। हर तीसरे दिन एक स्टोर खोलने की योजना के तहत कंपनी की पहुंच छोटे शहरों तक भी होगी। इसके लिए भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों तक पहुंचने, ड्राइव-थ्रू, एयरपोर्ट और अपने 24 घंटों वाले स्टोर का विस्तार करना है, ताकि ग्राहकों को हर जगह सेवाएं दी जा सकें। इसी वजह से कंपनी आने वाले दिनों में भारत में अपनी उपस्थिति को दोगुना करने वाली है। टाटा स्टारबक्स में स्टारबक्स कॉफी कंपनी और टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच 50:50 की साझेदारी है। भारत में इस ज्वाइंट वेंचर की शुरुआत साल 2012 में हुई थी। अभी तक टाटा स्टारबक्स का विस्तार 54 भारतीय शहरों में हो चुका है।



# तमिलनाडु में 42,700 करोड़ निवेश करेगा अडाणी ग्रुप

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अडाणी ग्रुप ने तमिलनाडु में 42,700 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करने का ऐलान किया है। तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 में निवेश को लेकर मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ग्रुप की कंपनियों के बीच सबसे बड़ा निवेश अडाणी ग्रीन एनर्जी करेगी। अडाणी ग्रीन अगले 5-7 सालों में तीन पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स में 24,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके अलावा अडाणी कॉनेक्स अगले 7 साल में हाइपरस्केल डेटा सेंटर में 13,200 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करेगी। अंबुजा सीमेंट तीन सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट्स में 3,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। अडाणी टोटल गैस अगले 8 सालों में राज्य में 1,568 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करेगी। तमिलनाडु के एमके स्टालिन और अडाणी पोर्ट्स के करण अडाणी की उपस्थिति में MoUs पर हस्ताक्षर किए गए। करण अडाणी ने तमिलनाडु को स्टेबिलिटी, वेल एस्टेब्लिश्ड इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम, एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर, टोटल कनेक्टिविटी, सेफ और सिक्योर नेबरहुड का एक असाधारण उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में डाइवर्स और हाइली-स्किल्ड वर्कफोर्स है, जिसमें देश में कहीं और की तुलना में ज्यादा महिलाएं हैं। करण अडाणी ने कहा- तमिलनाडु में डाइवर्स और हाइली-स्किल्ड वर्कफोर्स है, जिसमें देश में कहीं और की तुलना में ज्यादा महिलाएं हैं।




---

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# विजय के पास महान अभिनेता का टैग है: कैटरीना

कटरीना कैफ और विजय सेतुपति अपनी आगामी फिल्म 'मेरी क्रिसमस' को लेकर खूब चर्चा में चल रहे हैं। फिल्म रिलीज से पहले ही दर्शकों के बीच उत्साह पैदा किया हुआ है। दोनों स्टार्स इस फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। इस फिल्म में कटरीना कैफ पहली अभिनेता विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब शो के प्रमोशन के दौरान कटरीना ने विजय की जमकर तारीफ की है। अभिनेत्री से आगे उनके को-स्टार विजय सेतुपति के बारे में पूछा गया तो कटरीना ने कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें बैक स्टोरी लिखने के लिए कहा गया था। मुझे लगता है कि होमवर्क सिर्फ मुझे ही दिया गया था क्योंकि वे क्लास टॉपर हैं, उनके पास पहले से ही एक महान कलाकार और एक महान अभिनेता का टैग है। हाल ही में एक साक्षात्कार में कटरीना ने 'मेरी क्रिसमस' में अपने चरित्र की तैयारी के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि श्रीराम राघवन ने उन्हें अपनी भूमिका में गहराई से उतरने में मदद करने के लिए कुछ होमवर्क सौंपा था। दिलचस्प बात यह है कि विजय सेतुपति को ऐसा कोई होमवर्क नहीं मिला।



कटरीना ने कहा कि जब श्रीराम राघवन उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई, तो उन्होंने अभिनेत्री को होमवर्क दिया और चरित्र के लिए अपनी खुद की बैक स्टोरी लिखने के लिए कहा था। कटरीना ने आगे बताया कि श्रीराम राघवन ने मुझसे कहा, मुझे बताओ कि तुम क्या सोचती हो, मारिया कहां से आई है, वह कौन है, वह जो करती है वह क्यों करती है। कैटरीना ने कहा, उस प्रक्रिया ने मुझे दुनिया को समझने में मदद की। कटरीना की इस बात पर विजय ने जवाब देते हुए कहा, केवल मैं ही जानता हूं कि मैं किस दर्द से गुजरता हूं। उन्होंने बताया कि जब वह कोई कहानी सुनते हैं तो वह पात्र के पिछले जीवन को समझने की कोशिश करते हैं और सवाल पूछते हैं।


# शिल्पा ने ठुकराई थी रोहित की 'गोलमाल'

शिल्पा शेट्टी जल्द ही रोहित शेट्टी के निर्देशन और प्रोडक्शन में बन रही सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज के जरिए शिल्पा और रोहित शेट्टी पहली बार साथ काम करेंगे, हालांकि दोनों सालों पहले फिल्म गोलमाल में साथ काम कर सकते थे। शिल्पा ने बताया कि उन्हें 2006 की फिल्म गोलमाल ऑफर हुई थी, लेकिन बिग ब्रदर जीतने के बाद उन्होंने फिल्म ठुकरा दी थी। उन्होंने बताया है कि उनके और रोहित के पिता सालों पहले फिल्म यादों की बारात में साथ काम कर चुके हैं। शिल्पा ने बताया है कि सालों पहले रोहित शेट्टी ने उन्हें सुपरहिट फिल्म गोलमाल ऑफर की थी, लेकिन उन्होंने बिग ब्रदर जीतने के बाद वो फिल्म ठुकरा दी थी। मैं रोहित से कहती रहती थी कि हमारा साथ काम करना तय है। उसने मुझे गोलमाल ऑफर की थी। लेकिन मैंने उस समय बिग ब्रदर जीता था और मैं ट्रैवलिंग में बिजी थी। लेकिन मैं बहुत दुखी हुई थी। जब आप किसी फिल्म को इतना सफल होते देखते हैं, तो आप चाहते हैं कि आप भी उस फिल्म में होते।

# रश्मिका-विजय की टीम ने सगाई की खबरों को बताया गलत

हाल ही में साउथ सिनेमा के सितारों रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबरें आईं कि दोनों अगले महीने सगाई करने जा रहे हैं। दोनों अक्सर किसी न किसी इवेंट में साथ दिखे हैं और यहां तक कि हॉलीडे पर भी साथ जा चुके हैं। अब दोनों सितारों की टीम ने इस सच से पर्दा उठाया है। कहा जा रहा था कि एनिमल एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और विजय फरवरी में सगाई करने वाले हैं दोनों सितारों की टीम ने इस सच से पर्दा उठाया है और बताया है कि सगाई की खबरें कितनी सच है। एनिमल एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी सगाई की खबरों को लेकर इन दिनों खूब चर्चा में हैं। खबर आई कि रश्मिका बहुत जल्द अपने कथित बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ एंगेजमेंट कर लेंगी, लेकिन अब दोनों एक्टर की तरफ से कुछ बातें कही गई हैं, जो सगाई से जुड़ी हैं। पुष्पा एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने साउथ के साथ एनिमल के बाद से बॉलीवुड फैन्स के दिलों पर भी जादू चला रखा है। रश्मिका उन एक्टर्स की लिस्ट में शुमार हो चुकी हैं जिन्होंने अपने शुरुआती करियर में ही धमाल मचा दिया है। एनिमल में रणबीर कपूर के साथ रश्मिका की एक्टिंग ने खूब तूफान मचाया है और अब एक्ट्रेस अपनी सगाई को लेकर खबरों में हैं। दरअसल खबर आई कि रश्मिका और विजय देवरकोंडा सगाई करने जा रहे हैं। अब एक्टर ने सगाई की इन खबरों पर सफाई दी है। बताया जा रहा था कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना फरवरी में सगाई करने जा रहे हैं। कहा ये भी गया था कि दोनों जल्द ही अपने रिश्ते को ऑफिशियल करने जा रहे हैं। इस खबर के साथ ही दोनों ही साउथ स्टार्स के फैन्स बेहद खुश नजर आने लगे थे। लेकिन लेटेस्ट रिपोर्ट्स से ये साफ है कि ये कहानी सच से अभी काफी दूर है। दोनों स्टार्स की टीम की तरफ से इन खबरों को गलत बताया है। आईएएनएस से बातचीत में कहा कि सगाई कि ये खबरें गलत हैं।





## नए साल के 9 दिनों में अलग-अलग इलाकों से उड़ाए 55 दोपहिया वाहन

# एक साथ 3 घरों के ताले तोड़कर बुलेट, यामाहा और अपाचे बाइक ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं थम रही। बीती रात कोहेफिजा इलाके में बदमाशों ने एक साथ तीन घरों के पोर्च के ताले तोड़े और अंदर खड़ी कीमती बुलेट, यामाहा आर-15 और अपाचे बाइक चोरी कर ले गए। बदमाशों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है, लेकिन फिलहाल उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। नए साल के 9 दिनों के भीतर बदमाश शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 55 दोपहिया वाहन चोरी कर ले जा चुके हैं। शहर में एक साथ कई वाहन चोरी करने वाला गिरोह लंबे समय से सक्रिय है, लेकिन पुलिस गिरोह का पता नहीं लगा पा रही है।**

कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक अंकित सोनी पुत्र नरेंद्र कुमार सोनी (36) न्यू आम्रपाली कालोनी, जैन नगर फेस-2 लालघाटी में रहते हैं। वह चौक बाजार में ज्वैलर्स की दुकान चलाते हैं। अंकित ने बताया कि सोमवार की रात करीब ग्यारह बजे उन्होंने अपनी यामाहा आर-15 स्पोर्ट्स बाइक घर के पोर्च में खड़ी की थी। मंगलवार सुबह नींद खुली तो उनकी बाइक गायब थी और पोर्च के गेट में लगा ताला टूटा मिला। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि बदमाशों ने उसी कालोनी में रहने वाले सुभाष सोनी (48) के पोर्च गेट का ताला तोड़कर अंदर खड़ी बुलेटे बाइक और यहीं रहने वाली दीपक कुमार विश्वकर्मा (27) के पोर्च गेट का ताला तोड़कर अंदर खड़ी अपाचे बाइक भी चोरी की है। पुलिस ने अंकित की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



फाइल फोटो

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तीन बदमाश

एक ही कालोनी में एक साथ तीन घरों के पोर्च गेट का ताला तोड़कर कीमती बाइक चोरी होने के बाद पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर तीन बदमाश गेट का ताला तोड़कर बाइक चुराते हुए दिखाई दिए। बदमाशों ने पोर्च में खड़ी बाइक को उठाकर बाहर निकाला था। उसके बाद वह ताला तोड़कर उसे चलाकर ले गए अथवा किसी लोडिंग वाहन में लादकर ले गए, इसका पता नहीं चल पाया है।

### नए साल में 9 दिन में कुल 55 दोपहिया वाहन चोरी

शहर के हर चौक-चौराहे पर पुलिस द्वारा सघन चैकिंग की जा रही है। इसके साथ ही हर इलाके में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। इसके बावजूद बदमाश आसानी से दोपहिया वाहन चोरी कर गायब हो जाते हैं। नए साल में बीते 9 दिनों के भीतर कुल 55 दोपहिया वाहन चोरी हुए हैं, जिनकी कीमत लाखों में बताई गई है। पिछले दिनों कटारा हिल्स इलाके में बदमाशों ने एक साथ 8 दोपहिया वाहन चोरी किए थे, जिनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। अनुमान था कि यह गिरोह बाइक चोरी करने के बाद उन्हें किसी लोडिंग वाहन में लादकर गायब हो जाता है।

### क्रमिक भूख हड़ताल




भोपाल। रेल्वे की प्रशासनिक शाखा के कर्मचारियों ने क्रमिक भूख हड़ताल में हिस्सा लिया। रेल कर्मचारी एनपीएस के विरोध में आठ जनवरी से हडताल कर रहे हैं जो ग्यारह जनवरी तक चलेगी। कर्मचारी ओपीएस की मांग कर रहे हैं।

## शादी का झांसा देकर रिश्तेदार ने किया शारीरिक शोषण, केस दर्ज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर उसके रिश्तेदार के खिलाफ शादी का झांसा देकर कई सालों तक शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 40 वर्षीय महिला के यहां करीब बीस साल पहले एक रिश्तेदार रहने के लिए आया था। वह यहां मैकेनिक का काम सीखता था और बाद में प्रायवेट नौकरी करने लगा था। इस दौरान दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। युवक ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने लगा। बाद में युवक अपने गांव लौट गया, लेकिन महिला के घर उसका आना-जाना लगा रहा। कुछ समय बाद महिला को पता चला कि रिश्तेदार ने किसी दूसरी महिला से शादी कर ली है। इस पर जब महिला ने शादी का दबाव बनाया तो युवक ने कहा कि वह अपनी पत्नी को छोड़कर उसके साथ शादी कर लेगा। कई सालों बाद भी जब युवक ने शादी नहीं की तो पीड़िता ने थाने पहुंचकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

### दहेज नहीं देने पर मंगेतर ने तोड़ा रिश्ता

### युवती ने दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

भोपाल। महिला थाना पुलिस ने एक इंजीनियर युवती की रिपोर्ट पर उसके मंगेतर के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और दहेज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 31 वर्षीय युवती वर्तमान में एक आईटी कंपनी में नौकरी करती है। करीब आठ साल पहले वह भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। उस वक्त उसकी पहचान उसी के जिले में रहने वाले एक युवक से हुई थी। बाद में दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले साल दोनों के परिवार की सहमति से उनकी सगाई हो गई। सगाई के बाद युवक ने युवती के परिजनों पर दहेज के रूप में बीस लाख रुपये नकद और एक कार की मांग करने लगे। युवती के परिजनों ने जब दहेज देने से इंकार किया तो युवक और उसके परिजनों ने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर युवक और उसके परिवार वालों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

## सुसाइड नोट में जहांगीराबाद के एक दोस्त पर रुपए नहीं लौटाने का किया जिक्र

# खरगोन से भाई के घर आए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मदर इंडिया कॉलोनी में कल दोपहर एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया था। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उसने अपने दोस्त 52 हजार रुपए उधार लेने और नहीं लौटाने के आरोप लगाए है। पुलिस सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार किशोर आर्य पिता स्वर्गीय महेश आर्य (26) मूलतः खरगौन का था और प्राइवेट काम करता था। किशोर के पिता नहीं है। करीब दस दिन पहले वह अपने भाई भाभी के घर मदर इंडिया कॉलोनी आया था। मंगलवार दोपहर उसने कमरे में फांसी लगा ली। भाभी की नजर पड़ते ही उन्होंने शोर मचाया और पड़ोसियों की मदद से उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने बताया कि किशोर की मौत हो चुकी है।

### सुसाइड नोट में लगाए आरोप

किशोर का दोस्त जहांगीराबाद में रहता है। किशोर ने अपने दोस्त को 52 हजार रुपए उधार दिए थे। किशोर को दोस्त ने कहा था कि जब वह भोपाल पहुंचेगा तो उक्त रुपए लौटा दूंगा। किशोर दस दिन से अपने दोस्त से 52 हजार रुपए लौटाने का कह रहा था, लेकिन वह रुपए नहीं लौटा था। सुसाइड नोट की माने तो उसने रुपए नहीं लौटाने से दुखी होकर आत्महत्या की है। पुलिस सुसाइड नोट की हेंड राइटिंग एक्सपर्ट से जांच करा रही है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

इधर पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सोनागिरी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उन्हें अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि रंगोली कटारे पिता राम विलास कटारे (44) सोना गिरी पिपलानी में रहती थी। वह गृहणी थी। परिजन ने बताया कि सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात उनकी तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द होने के कारण परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनुमान है कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित झागरिया पहाड़ी, इकोलॉजिकल पार्क के गेट से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचला दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कल रात की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि कल रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस झागरिया पहाड़ी पहुंची थी। वहां से एक युवक की लाश सड़क से बरामद की गई। लाश देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। युवक की लाश से कुछ दूरी पर क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल भी मिली है। उसकी पहचान लच्छु आदिवासी (35) निवासी सागर के रूप में कर ली गई है।

## पिपलानी पुलिस के हत्थे चढ़े तस्कर, 41 हजार की अवैध शराब जब्त



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 41 हजार रुपये की अवैध शराब जब्त हुई है। पुलिस ने बताया कि शास्त्री मार्केट के पास शराब तस्कर अमित कुमार सिंह निवासी जहांगीराबाद और आनंद नगर से डालचंद ग्वाला को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। दोनों के पास से कुल 113 लीटर अवैध देशी शराब जब्त हुई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## ट्रैफिक जागरूकता को लेकर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक जागरूकता को लेकर यातायात पुलिस भोपाल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को सुबह पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स के साथ जागरूकता रैली निकाली। लाल परेड मैदान से शुरू हुई यह रैली विभिन्न इलाकों में पहुंची। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने वाले बैनर और पोस्टर लेकर चल रहे थे। ट्रैफिक एसीपी सुनील शर्मा और थाना प्रभारी संजय सूर्यवंशी समेत अन्य पुलिस अफसरों ने एनसीसी कैडेट्स के माध्यम से लोगों को यातायात निमयों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर पर मानव श्रृंखला बनाकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने की अपील की गई।






## मेट्रो एंकर कोर्ट ने कहा: सफर के दौरान की गई हत्या सोची-समझी साजिश नहीं थी

# सफर के दौरान बस में हुई हत्या, बीमा कंपनी को देना होगा 6.75 लाख रुपए मुआवजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लो फ्लोर बस में सफर के दौरान दो जेबकतरों द्वारा एक यात्री की चाकू मारकर हत्या कर करने के मामले में राजधानी की एक अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। मामले में बस का बीमा करने वाली कंपनी को मृतक के स्वजन को 6,75,000 रुपये का मुआवजा देने के आदेश दिए गए है। अधिवक्ता की दलीलों को मानते हुए कोर्ट ने कहा कि बस में सफर के दौरान की गई हत्या सोची-समझी साजिश के तहत ना होकर दुर्घटनात्मक हत्या थी। जिसमें चाकू मारने वाले का उद्देश्य चोरी करना था, ना कि हत्या करना। यह घटना मोटरयान के उपयोग के समय हुई थी। इसलिए बस की बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया कंपनी को मृतक के स्वजन को पांच प्रतिशत ब्याज के साथ मुआवजा देने का आदेश दिया। यह राशि कंपनी को अधिकरण के खाते में जमा करना होगा।



### यह है पूरा मामला

घटना करीब छह साल पहले की है। बैरसिया के ग्राम टांडा निवासी कमल सिंह खेती-किसानी करते थे। 21 फरवरी 2017 को वह अपने बहनोई हिम्मत सिंह के साथ भोपाल में कलेक्टर कार्यालय जा रहे थे। वह लो फ्लोर बस में सवार हुए थे। बस कोहेफिजा थानांतर्गत स्टेट बैंक चैराहा के पास पहुंची थी, तभी बस में सवार एक युवक ने रुपये चोरी करने की नीयत से कमल सिंह की जेब में हाथ डाल दिया था। कमल सिंह ने बदमाश का हाथ पकड़ लिया था, तभी जेबकतरे के साथी ने कमल सिंह की जांघ में चाकू घोंप दिया था। अधिक खून बह जाने के कारण कमल सिंह की मौत हो गई थी। मामले में कमलसिंह की पत्नी शांतिबाई ने अपने अधिवक्ता रणधीरसिंह ठाकुर के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022